हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## प्रतिमाएं देर रात तक ले जाने का सिलसिला जारी रहा

### आज भी रहेगी जाम की स्थिति

शनिवार को गणेश प्रतिमा की स्थापना देर शाम तक जारी रहेगी। इस स्थिति को देखते हुए शनिवार को भी गणेश प्रतिमा लाने का सिलसिला जारी रहेगा। ऐसी स्थिति में शनिवार को भी शहर के व्यस्त मार्गों पर सुबह से देर शाम तक जाम की स्थिति निर्मित होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### दो सौ से ज्यादा आवेदन

एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक सार्वजनिक गणेश पंडाल लगाने के लिए पुलिस के पास दो सौ के करीब आवेदन आए हैं। इसके अलावा कई ऐसी समितियां हैं, जिन्होंने बगैर अनुमति के लिए विभिन्न चौक, चौराहों के साथ गली-मोहल्लों में गणेश पंडाल लगाए हैं। पुलिस उनकी अलग सूची तैयार कर रही है।



# गणेश प्रतिमा लाने सड़क पर उतरीं समितियां, चारों तरफ जाम ही जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गणेश स्थापना का पर्व शनिवार से शुरू होने जा रहा है। गणेश प्रतिमा स्थापना के एक दिन पूर्व शुक्रवार को गणेश प्रतिमा ले जाने का सिलसिला शुरू हुआ है, जो दूसरे दिन भी जारी रहेगा। गणेश प्रतिमा लाने की वजह से शहर के चारों तरफ जाम की स्थिति रही। सदर बाजार में भीड़ का असर कुछ ज्यादा ही देखने को ▶▶|शेष पेज 13 पर

### हाईवे पर रेंगता रहा ट्रैफिक

माना से गणेश प्रतिमा लाने की वजह से माना, डुमरतराई, लालपुर, पचपेड़ी नाका, पचपेड़ी नाका से तेलीबांधा जाने वाले मार्ग, संतोषी नगर, रायपुरा जाने वाले मार्ग पर शाम साढ़े चार बजे के बाद ट्रैफिक काफी धीमा हो गया। इस मार्ग पर कार सहित अन्य प्रकार के वाहन रेंगने की स्थिति में रहे।

### बड़ी मूर्ति रात 11 के बाद देने के निर्देश

ऐसी गणेश प्रतिमाएं जिसे क्रेन की मदद से वाहनों में ले जाया जा सकता है, उन गणेश प्रतिमाओं को रात 11 बजे के बाद माना से ले जाने की पुलिस ने मूर्तिकारों को निर्देश जारी किया। क्रेन की वजह से मूर्तिकार के यार्ड में तथा जहां गणेश प्रतिमा स्थापना होना है, वहां जाम की स्थिति निर्मित होगी, इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन को बड़ी मूर्तियों को रात 11 बजे ले जाने निर्देश जारी करना पड़ा।

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-08/09/24

## टाइम टेबल नहीं छपने के कारण अब 1 जनवरी 2025 से सामान्य ट्रेनों के रूप में चलेंगी

# 1 जनवरी से जोन की लोकल ट्रेनों से हटेगा स्पेशल टैग, अतिरिक्त किराए से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जोन में अब लोकल ट्रेन स्पेशल की जगह नार्मल नंबर के साथ चलेगी। एसईसीआर के डीआरएम ने हाईकोर्ट में दिए गए शपथपत्र में बताया है कि पैसेंजर, लोकल और मेमू ट्रेनों को 1 जुलाई 2024 से सामान्य ट्रेनों के तौर पर चलना था, लेकिन टाइम टेबल नहीं छपने के कारण अब 1 जनवरी 2025 से सामान्य ट्रेनों के रूप में चलेंगी। डीआरएम ने यह भी बताया कि भले ही मेमू, लोकल आदि स्पेशल ट्रेन के रूप में चलें, उनमें स्पेशल ट्रेन का चार्ज नहीं वसूला जाएगा। हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए डीआरएम से शपथपत्र मांगा था। हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरू की डिवीजन बेंच में अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव की तरफ से लगाई गई जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका में कोविड के बाद से रेलों के अव्यवस्थित चलने और पैसेंजर गाड़ियों के बदले स्पेशल गाड़ियां चलाने और लेटलतीफी आदि की समस्या की जानकारी दी गई थी। 20 अगस्त को हुई सुनवाई के दौरान रेलवे की तरफ से डिप्टी सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा ने बताया था कि सभी पैसेंजर ट्रेनों को नॉर्मल ट्रेन के रूप में चलाने का आदेश हो चुका है। इस पर याचिकाकर्ता की तरफ से दावा किया गया था कि अभी भी पैसेंजर, मेमू और लोकल ट्रेनें स्पेशल ट्रेन के रूप में सामने जीरो लगाकर चल रही हैं।

### आउटर में खड़ी होने की झंझट से भी मुक्ति

#### रायपुर-गेवरा रोड 9 महीने से बंद

याचिका में बताया गया कि रेलवे ने रायपुर-गेवरा रोड-रायपुर के मध्य चलने वाली 08745 और 08746 मेमू लोकल को पिछले 9 महीने से रद्द कर दिया है। इस पर हाईकोर्ट ने रेलवे को निर्देश लेकर परिचालन के निर्देश दिए। हाईकोर्ट ने भविष्य में आम लोगों को समस्या होने पर दोबारा याचिका लगाने की छूट देते हुए जनहित याचिका निराकृत कर दी है।





#### स्पेशल ट्रेनों की नहीं भेजी जाती समयबद्धता रिपोर्ट

याचिका में बताया गया था कि चूंकि रेलवे बोर्ड को स्पेशल ट्रेनों के संबंध में कोई समयबद्धता रिपोर्ट नहीं भेजी जाती, इसलिए रेलवे का ऑपरेटिव विभाग स्पेशल के रूप में चल रही मेमू, लोकल आदि ट्रेनों को आउटर पर लंबे समय तक रोक देता है, जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। इसके अलावा इन स्पेशल ट्रेनों को निरस्त करने के लिए भी कोई उच्च स्तरीय अप्रूवल नहीं लगता। डीआरएम ने दिए गए शपथ पत्र में बताया कि इस साल का टाइम टेबल नहीं छपने के कारण पैसेंजर और लोकल ट्रेनें अभी भी स्पेशल के रूप में चल रही हैं। 1 जनवरी 2025 से इन्हें सामान्य ट्रेनों के रूप में चलाया जाएगा। इस पर याचिकाकर्ता की तरफ तर्क दिया गया कि टाइम टेबल छपने से इसका कोई संबंध नहीं है। यह ट्रेनें सामान्य ट्रेनों के रूप में अभी भी चलाई जा सकती हैं।

## रायपुर से विशाखापट्टनम तक वंदे भारत का चलना तय

### सवा आठ घंटे में सफर होगा पूरा 9 स्टेशनों में रहेगा स्टॉपेज

वंदे भारत एक्सप्रेस के विस्तार में एक बार फिर से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का नाम जुड़ गया है। इसी महीने दुर्ग से विशाखापट्टनम के लिए नई वंदे भारत का परिचालन शुरू होने वाला है। यात्रियों की ओर से लंबे समय से इसकी मांग की जा रही थी। मंडल के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि कर दी है कि विशाखापट्टनम के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस की सुविधा मिलने वाली है। इसके लिए स्टेशन का निरीक्षण कार्य भी शुरू कर दिया है। ▶▶|शेष पेज 13 पर

#### दुर्ग से दूसरी सीधी ट्रेन, रायपुर से गुजरेगी

विशाखापट्टनम के लिए वंदे-भारत एक्सप्रेस के शुरू होने से दुर्ग से विशाखापट्टनम जाने के लिए दूसरी सीधी ट्रेन मिलेगी। इन दिनों दुर्ग-विशाखापट्टनम वाल्टेयर एक्सप्रेस चल रही है। यह ट्रेन ▶▶|शेष पेज 13 पर

#### सुरक्षा और कमर्शियल विभाग की तैयारी पूरी

दुर्ग से विशाखापट्टनम के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस को लेकर तैयारी चल रही है। सुरक्षा और कमर्शियल को लेकर विभाग अपनी तैयारी पूरी कर चुका है। नोटिफिकेशन के बाद परिचालन का पता चलेगा।
- **अवधेश कुमार त्रिवेदी,** सीनियर डीसीएमस, रायपुर मंडल

## जोरदार बारिश के बाद भी उमस भरी गर्मी से नहीं मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में जोरदार बारिश के बाद भी उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिली है। हल्की से मध्यम वर्षा का दौर अगले तीन दिन जारी रहने के आसार हैं। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम तटीय इलाके में आने और परिस्थिति सही रहने पर 9 सितंबर के बाद नियमित वर्षा होने का अनुमान है।

■ हल्की वर्षा का दौर रहेगा जारी, परिस्थिति सही तो 9 से नियमित

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार गुरुवार की रात लाभांडी में 73 मिमी. शहर में 48 मिमी., लालपुर में 33 मिमी. तथा माना में 19 मिमी. बारिश हुई है। बरसात के बाद रात में मौसम ठंडा रहा मगर सुबह होन के बाद निकली धूप से उमस भरी गर्मी ने परेशान किया। वर्षा की स्थिति बस्तर सहित दक्षिणी हिस्से में बनी रही। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी हल्की से मध्यम वर्षा की स्थिति बनी रहेगी 9 से राज्य में बारिश होने के आसार हैं। अभी एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर- पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। इसके साथ चक्रीय चक्रवाती घेरा विस्तारित है। इसके उत्तर दिशा की ओर आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होकर, अवदाब के रूप में उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे गंगेटिक पश्चिम बंगाल-उत्तर उड़ीसा और बांग्लादेश तट के पास 9 सितंबर को बनने की संभावना है। उसके बाद इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे उत्तर उड़ीसा झारखंड तथा उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर उसके तीन से चार दिनों में पहुंचने संभावना है।

## खबर संक्षेप

### बैड टच मामला, आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

रायपुर। राजातालाब शासकीय प्राथमिक शाला विद्यालय में सामने आए बैड टच मामले में बड़ी कार्रवाई की गई। शुरुआती जांच के बाद सिविल लाइंस थाने में शिक्षक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 के अंतर्गत अपराध कायम किया गया है। एफआईआर के बाद आरोपी शिक्षक केके बाघमारे को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब है कि इस विद्यालय में प्राथमिक कक्षा की छात्राओं ने बैड टच की शिकायत की थी। इसके बाद नोडल प्राचार्य द्वारा जांच कमेटी बैठाई गई तथा पुलिस में इसकी शिकायत की गई थी। हरिभूमि ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था।

### धुमाल-डीजे संचालकों के खिलाफ कार्रवाई



रायपुर। देवेंद्र नगर पुलिस ने तय मानक से ज्यादा आवाज में धुमाल तथा डीजे बजाने वाले दो संचालकों तथा वाहन मालिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके वाद्ययंत्र के साथ वाहन जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक, डीजे संचालक गुलशन यदु, पिकअप वाहन चालक राजू विश्वकर्मा के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### किशोरी का पुलिस ने गुजरात से किया रेस्क्यू

रायपुर। मौदहापारा पुलिस ने अपहत किशोरी को गुजरात से रेस्क्यू कर परिजनों के सुपुर्द किया है। पुलिस के मुताबिक, 14 वर्षीय किशोरी के परिजनों ने पिछले दिनों उसके गायब होने की पुलिस के पास मौखिक सूचना दर्ज कराई थी। पुलिस ने संदेही के मोबाइल नंबर को ट्रेस किया तो उसका लोकेशन गुजरात साबरकांठा मिला। इसके बाद पुलिस की एक टीम ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत किशोरी को सकुशल रेस्क्यू कर परिजनों के सुपुर्द किया।

## लॉ की छात्रा को नशीला पदार्थ खिलाकर पुलिसकर्मी ने किया रेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माना थाना में लॉ की पढ़ाई कर रही एक छात्रा ने एक पुलिसकर्मी के खिलाफ नशीला पदार्थ खिलाकर रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। छात्रा की शिकायत पर पुलिस तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी पुलिसकर्मी को गिरफ्तार कर मामले की पड़ताल कर रही है। रेप की पुष्टि के लिए छात्रा का मेडिकल कराया जा रहा है। छात्रा ने जिस पुलिसकर्मी के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई है, वह अकादमी में तैनात है।

पुलिस के मुताबिक छात्रा ने चंद्रमणी शर्मा के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई है। छात्रा ने पुलिस को बताया है कि वह माना कैंप में रहती है, उसके पड़ोस में चंद्रमणी किराए के मकान में रहता है। इस वजह से पुलिसकर्मी की छात्रा के साथ तीन-चार महीने पूर्व जान पहचान हुई। छात्रा ने पुलिस को बताया कि उनकी फोन से बातचीत होती ▶▶|शेष पेज 13 पर

### घटना माना थाना क्षेत्र की



■ घर बुलाकर रेप करने के बाद आरक्षक ने छात्रा को कार में एयरपोर्ट ले जाकर फिर रेप किया

## बंदरों पर फायर कर मौत की नींद सुलाने वाला शिकारी रायगढ़ से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बेमेतरा जिला के साजा वन परिक्षेत्र के बेलगांव में फसल को नुकसान पहुंचा रहे बंदरों पर भरमार बंदूक से फायर कर मौत की नींद सुलाने वाले प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ वन्यजीव अपराध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

बंदर का शिकार करने के आरोप में रामाधर को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि बेलगांव में बंदरों का शिकार करने के मामले की घटना को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद घटना की गंभीरता को ▶▶|शेष पेज 13 पर

### फसल को नुकसान पहुंचा रहे बंदरों को मारने का ठेका दिया था




फसल बचाने बंदरों पर शिकारियों ने की भरमार बंदूक से फायरिंग, 17 की मौत

■ घटना की खबर हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित की, इसके बाद विभाग ने की कार्रवाई

## कटोरा लेकर चौराहे पर भीख मांगने उतरे एसआई भर्ती के अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एसआई भर्ती परीक्षा को लेकर आखिरकार अभ्यर्थियों के सब्र का बांध शुक्रवार को टूट गया। एसआई बनने की दौड़ में शामिल अभ्यर्थी छह साल बाद भी रिजल्ट जारी नहीं होने से परेशान होकर शुक्रवार को शहर के चौक-चौराहों पर भीख मांगने के लिए उतरे। अभ्यर्थियों ने राज्य सरकार से जल्द से जल्द एसआई भर्ती प्रक्रिया पूरी करने गुहार लगाई है। तत्कालीन राज्य सरकार ने वर्ष 2018 में एसआई के 655 पदों की ▶▶|शेष पेज 13 पर

■ एक सप्ताह पूर्व गृहमंत्री के बंगले का घेराव करने पहुंचे थे

### अभ्यर्थियों के सब्र का बांध टूटा



#### मुख्यालय से लेकर मंत्री तक गुहार लगा चुके

एसआई भर्ती प्रक्रिया पूरी करने अभ्यर्थी पिछले पांच वर्षों से लगातार आंदोलन करते आ रहे हैं। बावजूद इसके भर्ती प्रक्रिया अटकी हुई है। अभ्यर्थी पुलिस मुख्यालय से लेकर गृहमंत्री के दरवाजे तक पहुंच चुके हैं। अभ्यर्थियों को अब तक केवल आश्वासन मिलता आया है।

### लाइन के सिपाही के साथ भी की बदसलूकी

# निलंबित टीआई का डीएसपी को गाली देने का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर मारपीट तथा छेड़खानी करने के मामले में निलंबित टीआई राकेश चौबे का सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में निलंबित टीआई पुलिस लाइन के एक सिपाही के साथ बदसलूकी करते हुए जातिसूचक गाली देते दिख रहा है। साथ ही निलंबित टीआई द्वारा लाइन डीएसपी को उनकी उपस्थिति में गाली देने का वीडियो वायरल हो रहा है। लाइन सिपाही ने घटना की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई है। पुलिस लाइन में सिपाही के पद पर तैनात विजेंद्र दीप ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है, उसके मुताबिक गुरुवार रात के समय इंस्पेक्टर राकेश चौबे कार्यालय में पहुंचे। थोड़ी देर बैठने के बाद राकेश चौबे लाइन डीएसपी की अनुपस्थिति में अश्लील गालियां देने लगा। विजेंद्र ने राकेश चौबे को गाली देने से मना किया, तो वह विजेंद्र के साथ बदसलूकी करते हुए जाति सूचक गाली देने लगा। राकेश चौबे के व्यवहार से आहत सिपाही ने घटना की जानकारी अपने आला अधिकारियों को दी। अधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद सिपाही घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराने पहुंचा।

### मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की गई



#### गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर की थी मारपीट

राकेश चौबे पर पिछले वर्ष 24 मार्च को देवेंद्र नगर में संचालित गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर हास्टल संचालिका के साथ बदसलूकी तथा मारपीट करने का आरोप है। मूलतः अंबिकापुर निवासी महिला किराए पर मकान लेकर गर्ल्स हॉस्टल चलाती थी। घटना दिनांक को शराब के नशे में धुत राकेश चौब ने हॉस्टल के अंदर जबरन दाखिल होकर रिसेप्शन ▶▶|शेष पेज 13 पर



# गणेश चतुर्थी

## की हार्दिक शुभकामनाएं...

वक्रतुंड महाकाय, सूर्यकोटि समप्रभा
निर्विघ्नं कुरू मे देव, सर्वकार्येषु सर्वदा।



## गणेश चतुर्थी

भारत के सबसे बड़े त्योहारों में से एक माना जाता है। गणेश चतुर्थी को गणेश उत्सव और विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार भाद्रपद मास में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को भगवान श्री गणेश का जन्म हुआ। भगवान शिव और पर्वाती के पुत्र गणेश को ज्ञान, बुद्धि समृद्धि और सौभाग्य का देव कहा जाता है। गणेश चतुर्थी का पर्व वैसे तो पूरे भारत में मनाया जाता है, लेकिन महाराष्ट्र में गणेश उत्सव/गणेश चतुर्थी व्यापक रूप से मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी का पर्व 11 दिनों तक मनाया जाता है, गणेश स्थापना से लेकर 10 दिनों तक भगवान गणेश जी को घर में रखते हैं और 11वें दिन गणेश विसर्जन करते हैं। गणेश उत्सव पर लोग एक दूसरे को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं।


छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
हितग्राही को सरकार द्वारा सब्सिडी उपलब्ध
THUKRAL
कृष्णा मोटर्स
भारत का मजबूत एवं भरोसेमंद ई-रिक्शा
• आसान फायनेंस पर उपलब्ध
• न्यूनतम डाऊनपेमेंट में घर ले जाएं
• मिनीमम 100 से 150 किलो. तक माइलेज पाएं
• लो मेंटनेस
• चलाने में आसान, प्रदूषण से मुक्ति
• भारत माता चौक, गुढ़ियारी, रायपुर • स्टेशन रोड गुरुद्वारा नीम पेड़ के पास, रायपुर
• करण टेलर्स के पास, गोकुल नगर, रायपुर मो. 9926131523, 9755802331

श्री गणेश चतुर्थी
की हार्दिक शुभकामनाएं...
RICHFORD
ऊँ साईं कार्पोरेशन
देश की सवारी, रिचफोर्ड हमारी
ई-रिक्शा होलसेल रेट पर उपलब्ध है।
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
हर खरीदी पर निश्चित उपहार
1 टन कैपेसिटी
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पीटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

श्री गणेश चतुर्थी
की हार्दिक शुभकामनाएं...
GAURAV MOTORS
POWER
ELECTRIC VEHICLES
Proprietor - GAURAV KUMAR DEVANGAN
9713255666
880 Ward No. 53, Ring Road No. 1, Santoshi Nagar, Raipur 492013
Email:- gaurav.motors3330@gmail.com

Samrajya Residency
साम्राज्य रेसीडेंसी
Member CREDAI
शुभ गणेश चतुर्थी
की हार्दिक शुभकामनाएं
इस शुभ दिन पर बुक करें
साम्राज्य रेसीडेंसी में अपने सपनो का घर
और पाएं आकर्षक उपहार
4 BHK FLATS
• Pocket Friendly Rate
• Best Location
• Ready Possession
• Bank Finance Facilities
Price Starts From
Rs.52 Lacs
CHIMNEY
MODULAR KITCHEN
www.aadharshilagroup.com
Call: 9340406424, 7000262124
Near Raipur Railway Station, Bilaspur road, Raipur

श्री गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं... yatri
मो. 97547 16618
द्वारिका मोटर्स
ई-रिक्शा एवं ई बाईक
All Types Repairing & parts Available
श्री द्वारिका बोरवेल्स
समर्सिबल पंप के विक्रेता एवं भूजल सर्वेक्षण
5"6"7" बोर करवाने हेतु संपर्क करें
शिवनारायण गुप्ता
रिंग रोड नं.1, कुशालपुर चौक, भारत ट्रेडर्स के पास, रायपुर (छ.ग.)
मो. 93002 42718

VGR REAL ESTATE
Building happiness
RIVER COUNTY
Live the life you imagine
Rera No. PCGRERA210920001144
https://rera.cgstate.gov.in
3 & 4 BHK Duplex Bungalows
CREDAI
Get in touch +91 7725005500/7699969696
Site Address: Near Water Tank, Bhatagaon, Raipur
vgrrealestate@gmail.com www.vgrrealestate.com

ASR VENTURES
AUTO eV MART By GREAVES
गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं...
₹10000 की छूट
पाएँ 3 मुफ्त सर्विस
ये ऑफर सिर्फ Captain DLX रिक्शा और Zero 21 Mule Passenger पर उपलब्ध है।
ऑफर 07.09.2024 से 17.09.2024 तक वैध है
Add. Gopal Nagar, Ramnagar-Kota Road, Raipur (Chhattisgarh)
Mo.: 7354444461

श्री गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं...
PRIDE OF INDIA
BULL
कीमत बढ़ने से पहले आज ही बुकिंग करे
Upto 90% Funding
Smaller EMI's Available for 3 Months
1st EMI After 60 Days
1 year insurance Free
Exchange Offer Available
Oil filter service free up to 500 Hours
यह ऑफर 17 सितम्बर तक उपलब्ध
RESALE GUARANTEE
FINANCE PARTNERS
kotak Mahindra FINANCE SUNDARAM FINANCE HDB FINANCIAL SERVICES
HDFC BANK IndusInd Bank YES BANK
*Terms and Conditions Apply
A.N. AUTOMOBILE
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
9752994668, 7089000188

Sintex
(An ISO 9001:2008 Certified Company)
NEWLY LAUNCHED CNC ROUTED DESIGNER WPC DOOR
STUNNING DIGITAL PRINTS, ATTRACTIVE MOULDED FRAMES
Door
AUTHORISED DISTRIBUTOR
• दीमक प्रतिरोधी
• जल प्रतिरोधी
• घुन प्रतिरोधी
• मेंटेनेंस मुक्त
• टिकाऊ मौसम प्रतिरोधी
WE MAKE SENSE
Pesh Enterprises
OPPSITE GYAN PLAZA, MANDI ROAD,
NEAR NARAYANA HOSPITAL, DEVENDRA NAGAR,
RAIPUR (C.G.) MO.: 98271-42444

चाबीयाँ
> कार के ECM भी बनाये जाते है।
> रिमोट रिपेयर भी किये जाते हैं।
सोनी मेटल वर्क्स
आमापारा चौक रायपुर (छ.ग.)
98275-98180

## धोबी समाज ने पारित किए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव



**रायपुर।** मंदिर हसौद धोबी समाज ने महत्वपूर्ण रचनात्मक निर्णय लेते हुए समाज में किसी भी परिवार में मृत्यु होने पर सामाजिक बर्तन का किराया नहीं लेने, कफन के लिए कपड़ा न देकर सहयोग राशि मृतक के आश्रित को तथा बेटी के विवाह समारोह में समाज की ओर से 3000 रुपए नकद का सहयोग करने का निर्णय लिया गया, जिसके परिपालन में शुक्रवार को मंदिर हसौद में ही अगसिया बाई निर्मलकर के निधन के बाद उनके पुत्र को मंदिर हसौद इकाई के अध्यक्ष केजूराम रजक ने समाजजनों की उपस्थिति में नकद सौंपकर इसकी शुरुआत की। यह निर्णय प्रदेश धोबी समाज के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के निर्देश पर सभी जिला अध्यक्षों को पालन करने के लिए कहा गया है। संरक्षक धरमलाल निर्मलकर, परीक्षेत्रीय अध्यक्ष नीलू निर्मलकर सहित अनेक पदाधिकारी इस रचनात्मक कार्य के लिए निचले स्तर से समाज के लोगों को आग्रह कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण निर्णय श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से राम सिंह निर्मलकर, नरेंद्र निर्मलकर, सेवक रजक, बहादुर रजक, गजानन निर्मलकर, मोहन, उभय लाल निर्मलकर आदि अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। समाज के इस रचनात्मक निर्णय के लिए संरक्षक धरमलाल निर्मलकर हर सुख-दुख कार्यक्रम में समाज के लोगों को पालन करने के लिए आग्रह कर रहे हैं। उक्त जानकारी शहर जिला धोबी समाज के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

## निधन

### सरबती देवी गुप्ता



**रायपर।** दशहरा मैदान चौबे कॉलोनी निवासी सरबती देवी गुप्ता का 6 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 सितंबर को सुबह 10.30 बजे उनके निवास से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे रामरतन गुप्ता की पत्नी एवं दामोदर गुप्ता, सज्जन गुप्ता, गुलजारी गुप्ता, महेंद्र गुप्ता व राकेश गुप्ता की माताजी थीं।

### बलिराम पटेल



**रायपुर।** हनुमान नगर मठपारा निवासी बलिराम पटेल (75) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे दशमत पटेल के पति एवं युवा पिछड़ा वर्ग संगठन के जिला महासचिव भोजराम पटेल तथा लक्ष्मी, धनेश्वरी, टोमिन पटेल के पिता थे।

### दीपक साहू



**रायपुर।** गुढ़ियारी नया तालाब निवासी दीपक साहू (40) का 5 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार खमतराई मुक्तिधाम में किया गया। वे शकुन साहू के पुत्र, गीता साहू के पति व कुशाल साहू, काव्य साहू के पिता थे।

# कितने काम के लायक पैट सीटी मशीन, इंजीनियरों की रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छह साल पहले कैंसर के मरीजों की जांच के लिए खरीदी गई पैट सीटी मशीन कितने उपयोग के लायक है, इसके लिए इंजीनियरों की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश के बाद लेब इंडिया कंपनी की टीम ने मशीन की जांच की है। अस्पताल प्रबंधन रिपोर्ट शासन को भेजेगा, जिस आधार पर उसे प्रारंभ करने संबंधित फैसला लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग में लगाई गई पैट सीटी मशीन से मरीजों की जांच शुरू करने के लिए शासन स्तर पर गंभीरता दिखाई जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री के बाद सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी स्वशासी समिती की बैठक में इस मशीन को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए थे। सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों मशीन की जांच के लिए लेब इंडिया नामक कंपनी के प्रतिनिधि अस्पताल पहुंचे थे। इंजीनियरों ने बिना उपयोग के रखी मशीन की जांच की आने वाले दिनों में उनके द्वारा रिपोर्ट अस्पताल प्रबंधन को दी जाएगी, जिसे शासन को प्रेषित किया जाएगा, जो मशीन के उपयोग की राह तय करेगी। सूत्रों के अनुसार पैट सीटी मशीन कैंसर के प्रभावित हिस्सों की सटीक जानकारी देती है इस आधार पर मरीज का इलाज बेहतर तरीके से प्रारंभ किया जा सकता है। पोजीट्रान एमिशन टोमोग्राफी मशीन 18 करोड़ की लागत से खरीदी गई थी। मशीन की खरीदी विवादों में पड़ गई थी, जिसकी वजह से उसके उपयोग की केवल योजना बनकर रह गई थी। अब मरीजों के हित में इसे प्रारंभ किए जाने की संभावना बन रही है। इस मशीन के माध्यम से आयुष्मान योजना के हितग्राहियों को निशुल्क जांच की सुविधा मिलेगी।

### स्वशासी समिति ने महीनेभर में शुरू करने के दिए हैं निर्देश

#### रिपोर्ट नहीं मिली

जांच करने वाली कंपनी ने मशीन के कंडीशन पर रिपोर्ट नहीं दी है। रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाएगी, जिसके आधार पर आगे फैसला होगा। निश्चित तौर पर मशीन का उपयोग कैंसर के मरीजों के लिए लाभदायक होगा।

**- डॉ. एसबीएस नेताम,** चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल




**आंबेडकर अस्पताल के कैंसर प्रभावित मरीजों को मिलेगी राहत**

#### सीटी स्कैन खरीदी की योजना

*आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के सीटी स्कैन की सुविधा के लिए नई मशीन खरीदीने की योजना को स्वीकृति दी गई है। मशीन खरीदने की आवश्यकता तो है मगर इसके लिए बड़ा फंड नहीं होने की वजह से बात आगे नहीं बढ़ पाई है। सूत्रों का कहना है कि खरीदी के लिए शासन को राशि स्वीकृत करने का प्रस्ताव भेजा जाएगा। आंबेडकर अस्पताल में उपयोग की जाने वाली मशीन काफी पुरानी हो चुकी है जो कई बार जांच के दौरान बंद हो जाती है। यहा जांच के लिए भी मरीजों को 15 दिन तक इंतजार करना पड़ता है।*

## जवाहर बाजार की समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने कमिश्नर से की चर्चा

# स्मार्ट बाजार का आवंटन 2022 में किराया 2019 से मांग रहा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जवाहर बाजार की दुकानों के किराया को लेकर दुकान संचालकों और नगर निगम के बीच फंसा पेंच सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले को लेकर जवाहर बाजार संघ के व्यापारी छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी के नेतृत्व में गुरुवार को नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा से मिले। इस दौरान व्यापारियों ने मांग की है कि जिस दिन से दुकानें आबंटित की गई हैं, उसी दिन से किराया भी लिया जाएगा। व्यापारियों ने इसके अलावा काम्पलेक्स में लिफ्ट लगाने सहित अन्य प्रस्तावित काम को भी जल्द से जल्द कराने की मांग की। कमिश्नर ने व्यापारियों की मांगों को लेकर आश्वस्त किया है कि उनकी मांगे पूरी करने लिए नियम के तहत प्रयास करेंगे। जवाहर बाजार काम्पलेक्स के निर्माण के बाद दुकानों के निर्माण के साथ आबंटन की प्रक्रिया वर्ष 2019 से शुरू हुई थी, वहीं वर्ष 2021 में दुकानों में बिजली, पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई, जबकि वर्ष 2022 में व्यापारियों को दुकानें आबंटित की गई हैं। व्यापारियों का कहना है कि दुकानें जिस तारीख से आबंटित की गईं, उस दिन से किराया निगम द्वारा लिया जाना चाहिए, जबकि वर्ष 2019 से किराया मांगा जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है।




### एमआईसी-सामान्य सभा में प्रस्ताव नहीं लाने पर व्यापारी हुए नाराज

इधर निगम कमिश्नर ने व्यापारियों को आश्वस्त किया है कि इस संबंध में पहले एमआईसी और सामान्य सभा में प्रस्ताव लाया जाएगा। पारित होने के बाद प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। कमिश्नर के इस आश्वासन पर व्यापारियों ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल से व्यापारियों को नोटिस जारी कर दो वर्ष पहले का किराया मांगा जा रहा है, लेकिन उनकी मांग को लेकर प्रस्ताव एमआईसी या सामान्य सभा में लाया नहीं गया है। ऐसे में प्रस्ताव कैसे पारित होगा।

### 15 दिन के बाद फिर बैठक

चैंबर अध्यक्ष अमर परवानी ने कहा कि बैठक में 6 बिंदुओं पर कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर 15 दिन के अंदर निराकरण करने की मांग की है। इसके बाद भी निराकरण नहीं किया गया, तो अधिकारियों के साथ दोबारा बैठक करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा, उपायुक्त विनोद पांडे, स्मार्ट सिटी से अंशुल शर्मा, जोन 4 अध्यक्ष अरुण ध्रुव सहित व्यापारियों में राम प्रजापति भरत अजवानी, सुभाष बजाज, सुशील कृष्णानी, अविनाश मेठानी, लवी रहेजा, रिझुमल बजाज, जगदीश गुडवानी, अशोक डेंबानी, इंदर जेवानी आदि उपस्थित थे।

#### मांग जायज है, पर प्रस्ताव पारित होना जरूरी

आबंटन की तारीख से ही किराया लिया जाना चाहिए। व्यापारियों की यह मांग सही है। इस संबंध में एमआईसी-सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित होना चाहिए। इसके बाद ही स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। जल्द प्रस्ताव पारित हो प्रयास करेंगे।

- अबिनाश मिश्रा, कमिश्नर नगर निगम रायपुर

**आज से पंजीयन**

# दूसरे पखवाड़े में शुरू होगा नर्सिंग एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चिकित्सा से संबंधित पाठ्यक्रम के अगले दौर में राज्य में नर्सिंग के विभिन्न विषयों पर एडमिशन का दौर दूसरे पखवाड़े से प्रारंभ होने की संभावना है। सभी पाठ्यक्रम के लिए पंजीयन की प्रक्रिया शनिवार से प्रारंभ होगी और 12 सितंबर तक पूरी की जाएगी। इस बार बीएससी नर्सिंग की करीब 76 सौ सीटें हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने बीएससी नर्सिंग के साथ पोस्ट बेसिक नर्सिंग, एमएससी, पोस्ट बेसिक साईकियाट्रिक नर्सिंग विषयों पर एडमिशन के लिए पंजीयन तारीख की घोषणा की है। पंजीयन के लिए सामान्य और ओबीसी वर्ग के लिए एक हजार पंजीयन शुल्क तथा एसटी-एससी के लिए पांच सौ रुपए शुल्क तय किया गया है। एडमिशन के लिए काउंसिलिंग पचास प्रतिशत न्यूनतम अंक के नियम के आधार पर होगा। हमेशा की तरह इस बार भी बीएससी नर्सिंग की सबसे ज्यादा 76 सौ सीटें 116 नर्सिंग कालेजों में मौजूद हैं। व्यापमं द्वारा इसके लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसमें करीब पंद्रह हजार विद्यार्थी इसके लिए पात्र पाए गए हैं। एडमिशन के लिए काउंसिलिंग की सारी प्रक्रिया चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा गठित कमेटी द्वारा पूरी की जाएगी। नर्सिंग के एडमिशन के लिए निजी कालेज एसोसिएशन द्वारा प्रवेश परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को पात्र घोषित किए जाने की मांग काफी समय से की जाती रही है।

### 30 सितंबर अंतिम तारीख

नर्सिंग के एडमिशन के भारतीय नर्सिंग काउंसिल द्वारा 30 सितंबर अंतिम तारीख घोषित की गई है। उनके द्वारा इस बात का स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि इस बार प्रवेश प्रक्रिया नियत तिथि तक पूरी की जाए। पिछली बार एडमिशन के लिए विभिन्न कारणों से नवंबर तक प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करनी पड़ी थी।

### एमडी-एमएस प्रवेश जल्द

सूत्रों के मुताबिक मेडिकल की स्नातकोत्तर सीटों पर भी प्रवेश की प्रक्रिया शीघ्र ही प्रारंभ किए जाने की संभावना है। राज्य के शासकीय और निजी मिलाकर 9 मेडिकल कालेज में पीजी की 460 सीटें हैं, जिसमें एडमिशन के लिए काउंसिलिंग की जाएगी। इसके लिए नीट की प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया जा चुका है।

*यात्रियों को लंबी जांच से मिलेगी राहत*

# नौ विमानतलों पर डिजी यात्रा की शुरुआत, रायपुर भी शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने शुक्रवार को रायपुर समेत देश के नौ विमानतलों में डिजी यात्रा की शुरुआत की। इस सिस्टम के उपयोग से यात्रियों को जांच में अतिरिक्त वक्त नहीं लगाना होगा। रायपुर विमानतल में पिछले दो माह से इस सुविधा को ट्रायल में रखा गया था, जिसका उपयोग 10 प्रतिशत यात्री कर रहे हैं।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री द्वारा रायपुर के अलावा भुवनेश्वर, कोयंबटूर, डाबोलिम (गोवा), बागडोगरा, रांची, पटना और विशाखापट्टनम से इसकी शुरुआत की। देश में दो दर्जन एयरपोर्ट इस सुविधा से लैस है और 55 लाख विमान यात्री डिजी यात्रा का उपयोग कर रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि इससे हवाई अड्डे में प्रवेश के लिए अब 15 सेंकड के बजाए पांच सेंकड में वक्त लग रहा है। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में में 25 से डिजी यात्रा ट्रायल पीरियड पर है। विशाखापट्टनम से इस वर्चुवल उद्घाटन के लिए रायपुर विमानतल में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विमानतल के निदेशक डा. एसडी शर्मा के नेतृत्व में डिजी यात्रा का औपचारिक उद्घाटन किया गया।

## पेज 11 के शेष

### गणेश प्रतिमा लाने...

मिला। इसकी वजह सदर में मूर्ति बाजार लगना है। घरों में गणेश प्रतिमा स्थापना करने वाले लोग ज्यादातर सदर बाजार, पुरानी बस्ती, आश्रम रोड के आसपास गणेश की छोटी मूर्तियां खरीदने के लिए पहुंचे। इसके कारण इन मार्गों पर जाम की स्थिति निर्मित रही। गणेश प्रतिमा लाने की वजह से माना से पचपेड़ी नाका मार्ग पर लगने वाले जाम को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस की अलग-अलग पेट्रोलिंग टीम माना से लेकर पचपेड़ी नाका, रायपुरा के बीच गश्त करती रही। माना से पचपेड़ी नाका के बीच ट्रैफिक पुलिस की टीम ने भारी वाहनों को आउटर में रोक दिया। आउटर में रुके भारी वाहनों को रात 12 बजे के बाद आने की अनुमति दी गई। गणेश प्रतिमा ले जाने की वजह से लगने वाले जाम से बचने ट्रैफिक पुलिस ने प्रतिमा ले जाने वालों को व्यवस्थित रूप से प्रतिमा ले जाने एक लाइन में चलने की समझाइश दी।

**माना में रहा मेला जैसे नजारा:** गणेश प्रतिमा लाने ले जाने की वजह से शुक्रवार को माना बस्ती में मेला जैसे नजारा रहा। माना बस्ती में दोपहर बाद से गणेश प्रतिमा ले जाने वाले लोग पहुंचते रहे। किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने माना थाने की पुलिस के साथ राखी तथा अभनपुर थाना क्षेत्र का पुलिसबल तैनात किया गया था।

### रायपुर से विशाखापट्टनम तक...

ट्रेन से जुड़ी सुरक्षा और बुकिंग व्यवस्था का कार्य जारी है। डेढ़ साल पहले रेलवे ने बिलासपुर से नागपुर के बीच वंदे भारत चलाने की घोषणा की थी, जिसके बाद दूसरी वंदे भारत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को मिली है। अधिकारियों का कहना है कि अब केवल नोटिफिकेशन का इंतजार है। परिचालन को लेकर तैयारी पूरी कर रहे हैं।

एक दिन में विशाखापट्टनम से वापसी संभव

दुर्ग से वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह छह बजे निकलेगी और दोपहर 2.30 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी। दोपहर 3.15 को विशाखापट्टनम से छूटेगी साढ़े आठ घंटे में 565 किलोमीटर की दूरी तय कर रात 11.50 को दुर्ग स्टेशन पहुंचेगी। यह ट्रेन दुर्ग से रायपुर, खरियार रोड, कांटाभांजी, टिटलागढ़, रायगढ़ा, पार्वतीपुरम और विजयानगरम होते हुए विशाखापट्टनम पहुंचेगी। दोनों स्टेशनों के बीच ट्रेन को महज साढ़े आठ घंटे का ही समय लगेगा। रायपुर डीआरएम और वाणिज्य प्रबंधक ने दुर्ग स्टेशन का निरीक्षण कर लिया है।

### दुर्ग से दूसरी सीधी...

48 स्टेशनों में रुकती है। इसमें करीब 16 घंटे का सफर होता है। इस तरह वंदे-भारत एक्सप्रेस में लगभग आधे समय में यानी 300 किलोमीटर की दूरी महज 8.30 घंटे में विशाखापट्टनम पहुंच सकेंगे और उसी दिन काम पूरा करके वापस लौट भी लौट सकेंगे। इस ट्रेन के टिकट नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस की तर्ज पर होंगे, जो यात्रियों को सुलभ और किफायती सफर का अनुभव प्रदान करेंगे।

### कटोरा लेकर चौराहे...

भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। वर्ष 2019 में भर्ती परीक्षा आयोजित की गई, लेकिन चुनाव आचार संहिता के चलते भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई। इसके बाद नई सरकार के गठन होने के डेढ़ साल बाद एसआई पदों की संख्या में वृद्धि करते हुए 975 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। तब से लेकर अब तक एसआई भर्ती प्रक्रिया अटकी हुई है। बिलासपुर हाईकोर्ट ने 9 सितंबर 2024 तक भर्ती प्रक्रिया पूरी करने का आदेश जारी किया है। आदेश जारी होने के बाद भी अब तक भर्ती प्रक्रिया अटकी हुई है।

**हताश होकर भीख मांगने उतरे:** हर तरफ गुहार लगाने के बाद केवल आश्वासन मिलने से हताश अभ्यर्थियों के सब्र का बांध टूट गया और वे राजधानी के प्रमुख चौक-चौराहों पर भीख मांगने के लिए उतरे। साथ ही राज्य सरकार से अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए राज्य के अलग-अलग शहरों से आए अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करने गुहार लगाते दिखे। अभ्यर्थियों में कई सेना तथा अर्धसैनिक बलों में सेवा दे चुके युवा प्रदर्शन में शामिल हुए।

### बंदरों पर फायर कर...

देखते हुए वनबल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव, पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल ने बंदरों का शिकार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के साथ गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। इसके बाद दुर्ग सीसीएफ डॉ. केनिली माचिओ तथा दुर्ग डीएफओ चंद्रशेखर परदेशी के नेतृत्व में राज्य उड़नदस्ता की टीम गठित कर शिकारी की तलाश में छापामारी की गई। मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने रामाधर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। आरोपी के कब्जे से एक भरमार बंदूक जब्त की गई है।

मारने का ठेका देने वाले के खिलाफ कार्रवाई नहीं

वन विभाग की टीम ने बंदरों का शिकार करने वाले को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन जिन लोगों ने बंदरों को मारने शिकारी को ठेका दिया था, उन पर अब तक किसी भी प्रकार से कार्रवाई नहीं की गई है। वन्यजीव प्रेमियों ने बंदरों का शिकार करने ठेका देने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग की है। वनबल प्रमुख तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री राव ने संरक्षित प्रजाति के वन्यजीवों का शिकार करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### लॉ की छात्रा को...

है। तीन दिन पूर्व पुलिसकर्मी ने छात्रा को मिलने के लिए अपने घर बुलाया और नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ रेप किया। छात्रा ने पुलिसकर्मी पर आरोप लगाया है कि विरोध करने पर पुलिसकर्मी जबरन उसे अपनी कार में बैठाकर एयरपोर्ट की तरफ ले गया और सूनसान इलाके में ले जाकर उसके साथ दोबारा रेप की घटना को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार छात्रा को नशीला पदार्थ खिलाकर रेप करने की पुष्टि नहीं हुई है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद नशीला पदार्थ खिलाकर रेप किए जाने की पुष्टि होगी।

### गर्ल्स हॉस्टल में...

में बैठी महिला स्टाफ के साथ मारपीट करते हुए हॉस्टल की आड़ में देह व्यापार संचालित करने का आरोप लगाया। साथ ही राकेश चौबे ने उस महिला स्टाफ से लड़की दिखाने की मांग की थी। घटना का सीसीटीवी फूटेज भी वायरल हुआ था।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 7 सितंबर 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937











## कलाकारों ने दिया अंतिम रूप

शहर में इस बार भी समितियां ने अनोखे थीम और सजावट के साथ पंडाल तैयार किए हैं। इन पंडालों में आज भगवान गणेश की विशाल मूर्तियों की स्थापना की जाएगी। कालीबाड़ी में गणेश जी के लिए आईएनएस विक्रांत के आकार का 65 फीट से अधिक ऊंचा पंडाल तैयार किया जा रहा है। कोलकाता से पहुंचे 25 कारीगरों ने पिछले 27 दिनों तक लगातार कार्य कर पंडाल को अंतिम रूप दे दिया है। पंडाल के अंदर शीश महल में बप्पा विराजित होंगे। गुढ़ियारी में नंदगांव की थीम पर झांकी सजाई जा रही है। इस झांकी में भगवान कृष्ण की लीलाओं की दिखाया जाएगा।



गणेश चतुर्थी आज : इस बार कालीबाड़ी और गुढ़ियारी का पंडाल रहेगा आकर्षण का केंद्र

# वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ... पूरी रात चलता रहा विघ्नहर्ता का कारवां

राजधानी में आज से ग्यारह दिनों तक विघ्नहर्ता की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा की जाएगी। इसके पूर्व शुक्रवार मध्यरात्रि बाद तक गणेश प्रतिमा को पंडाल तक ले जाने का सिलसिला जारी रहा। छोटी प्रतिमाओं को घर ले जाने का सिलसिला भी जारी रहा। भक्तों ने धूमधाम से गणेश चतुर्थी मनाने की तैयारी पूरी कर ली है। प्रतिमाओं को घर ले जाने के अलावा देर रात तक शहर के चौक-चौराहों में पंडाल सजते रहे। समितियों ने लाइटिंग कार्य के साथ तैयारी को अंतिम रूप दिया। आज ज्यादातर जगहों पर दोपहर से शाम के बीच गणपति बप्पा की मूर्ति की स्थापना की जाएगी।



## दो हजार में बिके रेडीमेड पंडाल

बाजार में गणेश भगवान की प्रतिमा के साथ लोगों ने सजावट और पूजा सामग्री की खरीदारी की। इस दौरान बाजार में रेडीमेड पंडाल ने लोगों को आकर्षित किया। घरों के लिए लोगों ने कपड़े से सजे रेडीमेड पंडाल खरीदे। इसकी कीमत 200 रुपए से लेकर 3 हजार तक रही। आर्टिफिशियल फूल और झालर, लाइट से सजे पंडाल की मांग अधिक रही। इसके अलावा प्रतिमा स्थापना के दौरान आवश्यक पूजा सामग्री की बिक्री अंतिम दिन बढ़ गई। बाजार में 100 से 200 रुपए तक पूजन सामग्री अधिकतर लोगों ने खरीदी। इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में झालर, रंगीन लाइट की भी मांग रही।








रायपुर। पर्व से एक दिन पहले बाजार में रौनक देखने को मिली। लोग घर व ऑफिस के लिए प्रतिमा खरीदने बड़ी संख्या में बाजारों में पहुंचे। इस दौरान छोटे बच्चों में सर्वाधिक उत्साह देखने को मिला। अंतिम दिन होने से छोटी व बड़ी सभी आकार की प्रतिमाएं हाथों-हाथ बिकती रही। मांग बढ़ने से एक फीट की प्रतिमा 500 रुपए तक बिकी। इसके अलावा बाजार में साज-सज्जा का सामान खरीदने के लिए भीड़ लगी रही। बप्पा की छोटी मूर्तियों की ज्यादा खरीदारी हुई। सदर बाजार में सुबह से देर रात तक रौनक रही। माना में बड़ी मूर्तियों को गाड़ी में रखने मशक्कत भी करनी पड़ी। 10 से 15 फीट की प्रतिमाओं के लिए समिति को क्रेन की मदद लेनी पड़ी।








## बीते वर्ष की तुलना में छोटी प्रतिमाओं की अधिक रही बिक्री

इस बार शहर में पिछले साल की तुलना में अधिक प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। सदर बाजार के मूर्तिकारों का कहना है कि इस बार 5 फीट से लेकर 12 फीट तक की 1000 से अधिक प्रतिमाएं बनाई गई थी। इसके अलावा एक से तीन फीट तक की 15 से 20 हजार प्रतिमाओं का निर्माण किया गया है, जिसमें अब 8 हजार से अधिक प्रतिमाएं बची है। हर साल हजारों प्रतिमाएं बच जाती हैं, लेकिन इस बार प्रतिमाओं की बिक्री अधिक होने के कारण कम संख्या में ही प्रतिमाएं बचने का अनुमान है।



## 20 से अधिक प्रसंग पर झांकी

गुढ़ियारी गणेश उत्सव समिति द्वारा नंदगांव थीम पर झांकी तैयार की जा रही है। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि दुर्ग के कलाकार झांकी को रूप देने में लगे हैं। झांकी में श्रीकृष्ण से संबंधित बाललीला, रासलीला सहित 20 से अधिक प्रसंग पर झांकी आगंतुकों को आकर्षित करेगी। वहीं गोलबाजार में भी गणेश स्थापना को लेकर तैयारी तेज है। श्री बजरंग नवयुवक मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने बताया कि इस बार रिद्धि-सिद्धि के साथ बप्पा विराजमान होंगे।



## बड़ी मूर्तियों के लिए ट्रक की मदद

डीजे की धुन में बप्पा के भक्त भगवान गणेश की प्रतिमा पंडाल लेकर पहुंचे। शहर में यह सिलसिला सुबह से देर रात तक जारी रही। समिति सदस्य डीजे के साथ प्रतिमा लेने माना पहुंचे। बड़ी मूर्तियों को ट्रक में लाया गया। शहर के चारों ओर संगीतमय ध्वनि की गूंज रही। पंडालों में युवाओं ने डीजे और धुमाल के साथ गणेशजी का स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की आवाज भी सड़कों पर गूंजती रही। समिति सदस्य डीजे की धुन पर झूमते नजर आए। इस दौरान सड़कों पर पटाखे और आतिशबाजी का भी सिलसिला चला। श्रद्धालु भगवान गणेश के जयकारों के साथ प्रतिमा को पंडाल लेकर पहुंचे। माना में मूर्तियां ले जाने सुबह ही समिति सदस्य पहुंचने लगे थे।



# तीज में 40 तो गणेश चतुर्थी में 60 क्विंटल फूलों की खपत

रायपुर। लगातार दो दिन धार्मिक उत्सव की धूम होने से फूलों का कारोबार करने वाले व्यापारियों के बीच रौनक बढ़ी है। इसे देखते हुए फूल चौक के व्यापारियों ने तीजा के लिए 40 तो गणेश चतुर्थी के लिए 60 क्विंटल फूलों की खपत के लिहाज इस सीजन में आर्डर किया है। कोलकाता, पुणे और बेंगलुरु से मंगाए गए फूलों की महक से फूल चौक का थोक बाजार गुलजार है। तीजा पर फुलेरा सजाने के लिए ही नहीं, बल्कि गणेश चतुर्थी पर पंडालों और घरों में होने वाली स्थापना के लिहाज से डिमांड बढ़ी है। सामान्य दिनों की अपेक्षा त्योहारी सीजन में कीमत में ज्यादा अंतर नहीं आया है, लेकिन मांग पिछले सीजन के मुकाबले ज्यादा है। शुक्रवार को तीज व्रत करने वाली सुहागिनों के द्वारा रात में फुलेरा सजाने और पूजा के लिए दिनभर में 40 क्विंटल से ज्यादा फूलों की खरीदी की गई।

### मांग ऐसी कि व्यापारियों को पुणे, कोलकाता और बेंगलुरू से मंगानी पड़ी खेप



### फुटकर व्यापारियों से भी मिले ऑर्डर

*शनिवार को गणेश चतुर्थी के मौके पर इस बार व्यापारियों को 60 क्विंटल से ज्यादा फूलों के आर्डर फुटकर व्यापारियों से मिले हैं। इसे देखते हुए व्यापारियों ने पुणे, कोलकाता और बेंगलुरु से स्टॉक मंगाया है। दो दिन के लिए एक टन से ज्यादा फूलों की खरीदी करके उन्हें कोल्ड स्टोरेज में रखवाया है। इनकी सुबह से शाम तक में खपत का अनुमान व्यापियों को है। छोटे व्यापारियों द्वारा थोक कारोबारियों से ही फूलों की खरीदी की जाती है। इस कारण थोक मार्केट और चिल्हर में फूलों की खरीदी में अंतर आया है।*

### गेंदा के बाद रजनीगंधा और गुलाब की डिमांड

फूलों की थोक बिक्रेता युवराज साहू एवं विपिन साहू बताते हैं कि इस सीजन में फूलों की छोटी माला प्रति नग 30 से 50 रुपए में बेच रहे हैं। आकार में बड़ी माला की कीमत 80 से 120 रुपए से प्रारंभ है। फूल चौक के व्यापारी सोनू यादव और मूलचंद साहू ने बताया कि इस बार गेंदा फूल, रजनीगंधा और गुलाब की डिमांड ज्यादा है।

### पंडालों में बिखरेगी खुशबू

थोक बाजार से मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार व शनिवार मिलाकर एक टन से ज्यादा फूलों की खपत इस बार होगी। इसके लिए थोक व्यापारियों ने पहले से ही तैयारी की है। कई बड़े कारोबारियों ने आर्डर पूरा करने के लिए कोल्ड स्टोरेज में कोलकाता, पुणे और बेंगलुरु से मंगाए गए फूलों का स्टॉक रखवाया है। इनकी सप्लाई गणेश चतुर्थी पर भी दुकानदारों को की जाएगी। मुख्य पंडालों ही नहीं, बल्कि गली-मोहल्ले में सजने वाले पंडाल में भी इन फूलों की खुशबू बिखरने वाली है।



कैंपस इवेंट

## विधिका मिस व प्रियांशु मिस्टर फ्रेशर रैंपवॉक में दिखा पारंपरिक अंदाज



**रायपुर।** विप्र कला महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों को शामिल किया गया। बीबीए प्रथम सेमेस्टर से विधिका शुक्ला व प्रियांशु पाठक, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर से पायल धीवर और शशांक चक्रवर्ती, एमकॉम प्रथम सेमेस्टर से ज्योति शर्मा और भूपेंद्र को मिस्टर एंड मिस फ्रेशर के रुप में चयनित किया गया। खास बात यह रही कि आयोजन में लड़कियां पारंपरिक वस्त्रों में शामिल हुईं। रैंपवॉक में भी उनका ट्रेडिशनल अंदाज देखने को मिला। छात्रों के स्वागत के लिए कैंपस को खास तौर से सजाया गया था।

### विद्यार्थियों का निर्माण शिक्षकों का दायित्व

मुख्य अतिथि के रुप में विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, विद्यार्थी राष्ट्र का भविष्य है। सभी विद्यार्थियों का निर्माण शिक्षक का दायित्व है। फ्रेशर पार्टी के दौरान कई गेम्स व रैंप वॉक का भी आयोजित किया गया। जिसमें कई तरह के खिताब छात्रों को दिए गए। इसे जीतने के लिए छात्रों ने भी अपनी तरफ से पूरी कोशिश की। प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी, डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. दिव्या शर्मा, डॉ. कैलाश शर्मा ,डॉ. आराधना शुक्ला, मोहित श्रीवास्तव ने छात्रों का विशेष रूप से स्वागत किया। साथ ही उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

आराधना

## तपस्वियों के परिजनों की सेवा में बिताए पर्यूषण के 8 दिन



**रायपुर।** पर्यूषण महापर्व के दौरान श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट और सदर पाटा ग्रुप क्रमांक-1 ने मानवता की मिसाल पेश की है। समाज के युवाओं ने रायपुर में पहली बार एक अनोखी पहल करते हुए पर्यूषण पर्व के आठ दिनों तक तपस्वियों के परिजनों के लिए चौविहार हाउस स्थापित कर सेवाकार्य किया। राजधानी में दो स्थानों पर इन हाउस का संचालन किया गया। 31 अगस्त से 6 सितंबर तक सदर बाजार के जैन मंदिर के पीछे स्थित महावीर भवन में युवाओं ने अपनी सेवाएं दी। पंडरी के महालक्ष्मी मार्केट में श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट ने चौविहार हाउस का संचालन किया। जैन समाज के निलेश गोलछा ने बताया कि पर्यूषण पर्व के दौरान समाजगण तप-जप और साधना करते हैं, खासकर महिलाएं कठिन तपस्या करती हैं।

### रात्रि भोजन की परंपरा नहीं

चातुर्मास के चार महीनों में धार्मिक दिनचर्या का अनुसरण करते हुए पुरूषगण भी अपने दैनिक कार्यों में व्यस्त रहते हैं। महिलाओं को अन्य घरेलू कार्यों का निर्वहन करने में कोई कठिनाई न आए, इसके लिए युवाओं ने पुरूषों और घर के अन्य सदस्यों के लिए चौविहार हाउस का संचालन किया। इन चौविहार हाउस में शाम के समय सभी के भोजन की व्यवस्था की गई ताकि तपस्वियों को कोई परेशानी न हो और उनका तप संपन्न हो जाए। जैन समाज में रात्रि भोजन करने की परंपरा नहीं है, इसलिए सूर्य ढलने से पहले वे भोजन करते हैं। इसी क्रम में शाम 4 बजे से 5.45 बजे तक इन हाउस का संचालन किया गया, ताकि समाजजन आकर सूर्यास्त पूर्व भोजन कर सकें।

एजूकेशन अपडेट

## पढ़ाई में मदद करने टैलेंट टेस्ट डेढ़ घंटे में हल किए 40 सवाल



**रायपुर।** जेसीआई वामा कैपिटल द्वारा नेशनल लेवल टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन परीक्षा का आयोजन किया गया। पुरानी बस्ती स्थित जगन्नाथ राव दानी उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला व शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पुरैना में शुक्रवार को यह परीक्षा आयोजित की गई। संस्था सदस्य दीया मूलचंदानी ने बताया, जेसीआई द्वारा देश के 28 जोन में एनएलटीएस परीक्षा का आयोजन कराया जाता है। जिसमें छात्रवृत्ति स्वरुप प्रथम 1 लाख, द्वितीय 51 हजार व तृतीय विजेता को 31 हजार रुपए दिए जाते हैं। यह परीक्षा 9वीं व 10वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई, जिसमें उन्हें डेढ़ घंटे में 40 प्रश्नों को हल करना था।

### संस्था के 28 जोन में आयोजित हुई परीक्षा

परीक्षा के दौरान दोनों ही स्कूल से 100 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस परीक्षा में सामान्य ज्ञान व स्कूल के मुख्य विषयों को शामिल किया जाता है। परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर बच्चों को शिक्षा के लिए आर्थिक रुप से मदद की जाती है। जिससे उन्हें आगे की शिक्षा में मदद मिलती है। अन्य जोन में परीक्षा पूर्ण होने के बाद जेसीआई के मुख्य कार्यालय में अनुभवी शिक्षकों द्वारा जांच कार्य किया जाएगा। परीक्षा के दौरान बीना सोमानी, चंचल पल्सानिया, आनंदिता अग्रवाल, भाविका रोहरा मुख्य रुप से उपस्थित रहीं और संचालन में सहयोग दिया।

● 15 राज्यों से पहुंचे व्यापारियों ने स्टॉल सजाया, कश्मीर व कर्नाटक के कपड़े अधिक लोकप्रिय

# 18 हजार कीमती साड़ी पर नीम जरी, यह कढ़ाई की एक शैली इसमें रेशम पर बहुरंगी जरी के धागों का किया जाता है उपयोग

जेल रोड स्थित बेबीलॉन इन होटल में 10 दिवसीय सिल्क एग्जीबिशन का आयोजन किया गया है। यहां देश के विभिन्न राज्यों के लघु व फुटकर व्यापारी शामिल हुए हैं। प्रदर्शनी के संचालक अभिनंदन ने बताया, 8 सितंबर तक प्रदर्शनी का संचालक किया जाएगा।



**रायपुर।** प्रदर्शनी को तीज त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से सजाया गया है। यहां कश्मीर, कर्नाटक व बनारस के कपड़े सबसे अधिक पसंद किए जा रहे हैं। इसके साथ ही तमिलनाडु, गुजरात, बिहार सहित 15 राज्यों से व्यापारी शामिल हुए हैं। प्रदर्शनी में कुल 31 व्यापारियों ने स्टॉल सजाया है। इसमें साड़ी, लहंगा, कुर्ती, डिजाइनर ब्लाउज के स्टॉल शामिल हैं।

### कानी वर्क में तैयार 35 हजार की साड़ी



कश्मीर के व्यापारी अशीफ ने बताया, स्टॉल में हैंडलूम की साड़ियां मौजूद हैं। इस साड़ी की कीमत 35 हजार रुपए है। कानी वर्क में तैयार साड़ी को बनाने में 10-12 दिन का वक्त लगता है। इसे कश्मीर के अनुभवी व्यक्तियों के द्वारा ही बनाया जाता है।

### बारीक डिजाइन के लिए राई के दानों का प्रयोग

गुजरात के व्यापारी कृष्ण कुमार ने बताया, प्रदर्शनी में जॉर्जेट की साड़ी मुख्य आकर्षण का केंद्र है। तीज व गणेश चतुर्थी पर्व के कारण लोग इसे खरीदना पसंद कर रहे हैं। इसे सदाबहार साड़ियों में शामिल किया जाता है। जिसका डिजाइन कभी भी पुराना नहीं होता। महिलाएं लाल, हरा, संतरा, मेहरुन जैसे गहरे रंग की साड़ी खरीदना पसंद कर रही हैं। हैंडलूम जॉर्जेट कपड़े में नीम जरी का बंधेज वर्क किया गया है, जिसमें बारीक डिजाइन देने के लिए राई के दानों का प्रयोग किया गया। नीम जरी कढ़ाई की एक शैली है, जिसमें रेशम पर बहुरंगी जरी के धागों का उपयोग किया जाता है। 18 हजार की साड़ी में जरी वर्क किया गया है, जिसे एक सप्ताह में तैयार किया गया।

### 35 डिजाइन और 70 रंग की साड़ी

बिहार भागलपुर के व्यापारी मो.सद्दाम हुसैन ने बताया, स्टॉल में 1200 से 4000 रुपए तक की साड़ी मौजूद है। सिल्क फेब्रिक में सभी साड़ियों को तैयार किया गया है। इसमें जरी वर्क व मधुबनी प्रिंट विशेष है। स्टॉल में 35 डिजाइन की साड़ी मौजूद है, जिसमें 70 रंग शामिल है। यह प्रदर्शनी का पहला स्टॉल है, जहां 70 रंग की साड़ियां उपलब्ध हैं। सिल्क में जरी वर्क की साड़ी है, जिसे कतान सिल्क में तैयार किया गया है। साथ ही मधुबनी प्रिंट की साड़ी भी है, जिसमें कलमकारी वर्क देखने को मिल रही है। दुकान में मौजूद प्रत्येक साड़ी को 10-12 दिनों में तैयार किया गया है।



## सर्दियों के लिए सजी बगिया, विदेशी पौधे आएंगे अगले माह, फिलहाल देशी की खेप हो रही तैयार

**रायपुर।** बरसात के समाप्त होते ही हल्की ठंड की शुरुआत हो जाएगी। ठंड के मौसम में इनडोर व आउटडोर प्लांट सबसे अधिक संख्या में लगाए जाते हैं। जिसके लिए शहर के नर्सरी में अभी से तैयारी की जा रही हैं। नर्सरी में फूल व अन्य पेड़-पौधो को ठंड के लिए तैयार किया जा रहा है। बरसात के दिनों में जहां पेड़ पौधों में कीड़े देखने को मिलते हैं, वहीं ठंड के मौसम में इन समस्याओं का सामना अधिक नहीं करना पड़ता। कम मेहनत व कम देखरेख में ठंड के पेड़ पौधों को तैयार किया जा सकता है। इसमें घर के छोटे से हिस्से में सब्जियों व फूलों के पौधे बिना किसी समस्या के लगाया जा सकता है। इस कारण ठंड में पेड़-पौधों की बिक्री अपेक्षाकृत अधिक होती है। इसके लिए नर्सरी में अभी से पेड़ों को तैयार किया जा रहा है। विदेशी पौधे इस माह के अंत में अथवा अगले माह से अन्य शहरों से मंगाए जाएंगे।



### फॉस्फोरस बचाता है ठंड से

मोवा रोड स्थित नर्सरी संचालक अकाश रतनाकर ने बताया, इंसानों की तरह ही पेड़-पौधे होते हैं। जिस तरह व्यक्तियों को ठंड में गर्म स्थान व कपड़ों की जरुरत होती है, उसी प्रकार पेड़ों की देखरेख की जाती है। बरसात के आखिर में ठंड के लिए पेड़-पौधो को तैयार किया जाता है। इसमें पेड़ों को गर्मी देने के लिए सरसो खली का प्रयोग किया जाता है। सरसो खली में फॉस्फोरस अधिक मात्रा में होता है, जिससे पेड़ों को ठंड से बचाने में मदद मिलती है। बरसात के दिनों में पेड़-पौधों को कीड़ों से बचाने के लिए अतिरिक्त कीटनाशक भी डालना पड़ता है, लेकिन ठंड में यह स्थिति निर्मित नहीं होती है।

### मनपसंद फूलों के लिए ठंड बेहतर

नर्सरी संचालक ने बताया, ठंड के दिनों में कई प्रकार की सब्जियां लगाई जा सकती हैं। इसके साथ ही आउटडोर पौधों को भी लगाया जा सकता है। इसमें प्रिमरोज, वाइला, गैलेन्थस, विंटर एकोनाइट, मैरीगोल्डस, स्नोड्रॉप्स, सिनेरेरिया, स्नेपड्रैगन जैसे कई फूल शामिल हैं। ठंड के दिनों में फूलों की अधिक देखभाल करने की आवश्यकता नहीं होती। कम देखरेख में ही फूल व सब्जियों की अच्छी ग्रोथ हो जाती है।

### सितंबर माह से करते हैं शुरुआत

मठपारा रोड स्थित नर्सरी संचालक आदित्या पाटिल ने बताया, अगस्त माह के अंत व सितंबर माह के शुरुआती दिनों में ठंड के लिए पेड़-पौधे लगाए जाते हैं। ठंड के दिनों के लिए बीज लगाने का सबसे बेहतर महीना बरसात के अंत में होता है। इन दिनों केवल छोटे कीड़ों से पेड़-पौधो को बचाने की जरुरत होती है। इससे बचाने के लिए गोबर खाद्य, वर्मीकम्पोस्ट व घरों से निकलने वाला कचरा सही विकल्प होता है।

फैशन एक्सपर्ट्स ने दिए छात्रों को टिप्स

## खुद पहनकर देखें अपने कपड़े सफलता की कुंजी मौलिकता में

रायपुर। आंजनेय यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय वर्कशॉप 'फैशन नाउ एंड हाउ' का समापन शुक्रवार को हुआ। यहां विशेषज्ञों ने छात्रों को फैशन टिप्स दिए। साथ ही उन्हें बताया कि किस तरह से फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में वे बेहतर काम कर सकते हैं। इस मौके पर डिजाइनर और इंटरप्रेन्योर हर्ष गुप्ता ने कहा कि सफल होने के लिए पागलपन की जरूरत है। लखनऊ से मुंबई का सफर तय कर चुके डिजाइनर और इंटरप्रेन्योर हर्ष गुप्ता ने कहा कि डिजाइन के क्षेत्र में सफल होने के लिए निरंतर मेहनत की आवश्यकता है। एक अच्छे बिजनेस के तौर पर फैशन इंडस्ट्री बेहतरीन क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि अपने डिजाइन किए गए कपड़े खुद पहन कर देखें। सफलता की कुंजी अपनी मौलिकता में है। उन्होंने कहा, कॉपी मत कीजिए, अपनी पहचान बनाइए। किसी भी क्षेत्र में खुद की एक विशिष्ट पहचान बनाना जरूरी है, खुद की रचनात्मकता और दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने से ही असली पहचान और सफलता मिलती है। यही मेरी सफलता का भी राज है।




### व्यावहारिक ज्ञान का भी हो विकास

चांसलर अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि केवल शैक्षणिक ज्ञान बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व, नेतृत्व कौशल और व्यावहारिक ज्ञान के विकास पर भी ध्यान देना आवश्यक है। जेडी इंस्टिट्यूट मुंबई और विवि के फैशन डिपार्टमेंट ने मिलकर विद्यार्थियों को उच्चस्तरीय फैशन डिजाइन का प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना बनाई है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, नवीनतम फैशन ट्रेंड्स और उद्योग से जुड़े कौशलों में निपुण बनाया जाएगा। समापन सत्र में महानिदेशक डॉ.बीसी जैन, कुलपति डॉ.टी.रामाराव सहित सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक मौजूद रहे। दो दिवसीय कार्यशाला में अन्य स्कूलों और महाविद्यालयों से प्रतिभागी बड़ी संख्या में शामिल हुए ।

राजधानी के मंदिरों व घरों में अखंड सुहाग के लिए भजन-कीर्तन

# तिजहारिनों ने त्रियोग में सजाया फुलेरा, रातभर शिव-पार्वती की आराधना, आज कौशल्या माता को खिलाई जाएगी बासी

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** अखंड सौभाग्य के लिए निर्जला व्रत करने वाली सुहागिनों ने भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि यानी शुक्रवार को सिंह लग्न में संकल्प लेकर व्रत शुरू किया। इतना ही इस बार शुक्ल योग, अमृत योग व रवि योग के त्रियोग में फुलेरा सजाने के बाद पूजा का नियम पालन करते हुए रातभर शिव-पार्वती आराधना में बिताया। राजधानी के मंदिरों में भी भजन-कीर्तन का सिलसिला 4 बजे भोर तक चलता रहा।

### अभिषेक के बाद रतजगा

पं. मनोज शुक्ला ने बताया सुबह पूजा के बाद महामाया मंदिर में महिलाएं शिव अभिषेक में शामिल हुईं। इसके बाद शिव-पार्वती की पूजा के लिए फुलेरा सजाने के बाद स्वयं सोलह श्रृंगार करके अखंड सौभाग्य के लिए रतजगा (रात्रि जागरण) करके पति की लंबी उम्र के लिए वे कामना की।



### भेंट की श्रृंगार सामग्री

मंदिरों में पूजा के बाद महिलाओं ने माता पार्वती को श्रृंगार सामग्री भेंट की। इसमें सिंदूर, चूड़ी, बिंदी से लेकर अन्य सभी सामग्री शामिल रही। मंदिर के बाहर पैकेट बनाकर इसकी भी बिक्री की गई। शिव मंदिरों में विशेष रूप से प्रातःकाल से ही सुहागिन महिलाओं की भीड़ देखने को मिली।

### पांच तरह के फूलों का प्रयोग

तीज पर फूल, पत्ते, जड़ी-बूटियों और बांस का उपयोग करके मंडप तैयार होता है। इसे बनाने में पांच तरह के फूलों का उपयोग नियम के तहत किया। ये पांच फूल भगवान भोलेनाथ की पांच पुत्रियों विषहरा, जया, शामिलबारी, देव व दोतलि का प्रतीक माना जाता है। फुलेरा की पूजा करते हुए उसे शिवलिंग के ऊपर बांधने की प्रक्रिया की गई। फुलेरा बनाने के लिए रंग-बिरंगे पांच तरह के फूल, आम के पत्ते, मोटा धागा, छेद वाली डलिया और फूलों को सूईं-धागे की मदद से एक लड़ी में तोरण तैयार करके सजाने गया।

### पंडवानी शैली में पेश किया 'कौशल्या के राम'

छत्तीसगढ़ के चंदखुरी में तीजा मानने आई माता कौशल्या ने भी निर्जला व्रत किया। तिजहारिनों ने उनका इस व्रत की बेला में साथ दिया। शुक्रवार रात्रि कौशल्या माता सहित तिजहारिनों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक आयोजन किया गया। इसमें प्रभा यादव द्वारा पंडवानी शैली में कौशल्या के राम तथा सुरेश ठाकुर द्वारा भजन पेश किए गए। डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर और साथियों द्वारा लोक कला मंच के माध्यम से प्रस्तुति दी गई।



कार्यक्रम के संयोजक राकेश तिवारी ने बताया कि शनिवार को माता कौशल्या को बासी खिलाने की परंपरा निभाने के बाद दोपहर 1 बजे शोभायात्रा के साथ चंदखुरी का भ्रमण कराया जाएगा। इस दौरान राउत नाचा, पंथी नृत्य करते हुए लोग शामिल होंगे। जनसेल तालाब में कौशल्या माता की मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री पहुंचे रायपुर के बूथ में, चार भाई-बहनों को बनाया भाजपा का सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर उत्तर विधानसभा के बूथ में पहुंचे और यहां पर चार खिलाड़ी भाई-बहनों को भाजपा की सदस्यता दिलाकर सदस्यता अभियान का प्रारंभ किया। शुक्रवार से ही प्रदेश के करीब 25 हजार बूथों में भाजपा का सदस्यता अभियान प्रारंभ किया गया है। हर बूथ में 200-200 सदस्य बनाकर 50 लाख का लक्ष्य पूरा करना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जिसमें मुझ जैसा एक गांव का साधारण व्यक्ति भी मुख्यमंत्री बन सकता है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के जगदलपुर मंडल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के माना कैंप के टीटी कॉलोनी मतदान केंद्र में जाकर लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया। मुख्यमंत्री श्री साय ने नेताजी सुभाष चंद्र वार्ड के मतदान क्रमांक 94 में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम पहुंचे और यहां पर सदस्यता अभियान का प्रारंभ करने के बाद कहा, पूरे देश में संगठन के महापर्व की शुरुआत हो गई है। सदस्यता अभियान जिला, मंडल और बूथ स्तर तक चलाया जाएगा। प्रदेश को 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है, जिसे हमें पूरा करना है। श्री साय ने कहा, भाजपा सिद्धांतवादी विचारधारा पर आधारित पार्टी है। इस पार्टी में जितना मान सम्मान कार्यकर्ताओं का है, उतना सम्मान किसी दूसरी पार्टी में नहीं है।

## भाजपा में ही मुझ जैसा एक गांव का साधारण व्यक्ति मुख्यमंत्री बन सकता है

### कांग्रेस सरकार ने किसी को नहीं छोड़ा

सीएम श्री साय ने कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए, कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, पिछली कांग्रेस सरकार ने किसी को कहीं का नहीं छोड़ा। इस सरकार ने तो भगवान को नहीं छोड़ा, तो आप समझ सकते हैं। कांग्रेस ने एक भी वादा पूरा नहीं किया, इसलिए विधानसभा चुनाव में सत्ता से हाथ धोना पड़ा। विपक्ष के पास बोलने के लिए कुछ भी नहीं है, इसलिए ऊल जुलूल बोलते रहते हैं।



### पवन साय पहुंचे माना कैंप

रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के माना कैंप के बूथ क्र.251, टीटी कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम का प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने शुभारंभ किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष, पार्षद, बूथ अध्यक्ष सहित अन्य मण्डल के पदाधिकारियों ने सदस्यता ग्रहण की। रायपुर जिला उपाध्यक्ष श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती, माना मंडल अध्यक्ष रवींद्र सिंह ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष माना कैम्प संजय यादव, पार्षद, बूथ अध्यक्ष एवं बूथ कमेटी के सदस्य इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अरुण साव अब 9 को अमेरिका जाएंगे, मिला वीजा

**रायपुर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव अमेरिका प्रवास पर होंगे। यूएसए का उनका वीजा जारी हो चुका है।



डिप्टी सीएम एक हफ्ते की यात्रा के लिए 9 सितम्बर को रवाना होंगे। इस दौरान अरुण साव अमेरिका के तीन शहरों की यात्रा करेंगे। डिप्टी सीएम साव यहां एशियन डेवलपमेंट बैंक की कार्यशाला में शामिल होंगे। इस दौरान वे सड़क निर्माण की नवीनतम तकनीक की भी जानकारी लेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री साव का अमेरिका दौरा करीब छह दिन पहले प्रस्तावित था, वे अमेरिका जाने के लिए यहां से दिल्ली रवाना भी हो गए थे, लेकिन वहां करीब चार दिन रुकने के बाद भी वीजा नहीं मिल पाया था। इसकी वजह से उन्हें दिल्ली से लौटना पड़ा था। बताया गया है कि उनका अमेरिका प्रवास करीब सात दिनों का होगा।

### 'रावतपुरा' में मनाया शिक्षक दिवस



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में 5 सितम्बर भारत के महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की परंपरा चली आ रही है, इसे निरंतर बनाए रखते हुए इस दिवस के उपलक्ष्य में मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग कुम्हारी, बिलासा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बिलासपुर व श्री रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल कुम्हारी में श्री रावतपुरा सरकार के चेयरमैन 'रविशंकर महाराजश्री' के आशीर्वाद के साथ हर्षोल्लास के साथ विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष अतिथियों द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करते हुए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए किया गया।

# झारखंड चुनाव के लिए प्रदेश के मंत्रियों, सांसद, विधायक और कई नेताओं को बनाया गया कलस्टर प्रभारी

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर*

*झारखंड में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अभी से भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने दूसरे राज्यों के नेताओं को चुनावी समर में झोंकने का फैसला कर लिया है। छत्तीसगढ़ के भी मंत्रियों, सांसदों, विधायकों के साथ प्रदेश भाजपा के नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय, विजय बघेल, विधायक भावना बोहरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को वहां पर कई विधानसभाओं का जिम्मा देकर कलस्टर प्रभारी बनाया गया है। ये नेता शुक्रवार को वहां से लौटे हैं। अब 8 और 9 सितंबर से फिर दौरा होगा। इस बार लंबे समय तक नेता वहां पर रहकर चुनावी रणनीति बनाने में झारखंड राज्य के नेताओं की मदद करेंगे। चुनाव तक प्रदेश के नेता झारखंड में रहेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन का फोकस इस बार झारखंड पर है। भाजपा की रणनीति इस बार झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने की है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को 81 में से 51 विधानसभाओं में जीत मिली थी, ऐसे में भाजपा की तैयारी इस बार विधानसभा के चुनाव में बहुमत प्राप्त कर सरकार बनाने की है। इसके लिए अभी से तैयारी की जा रही है। छत्तीसगढ़ के भी नेताओं को झारखंड का जिम्मा दिया गया है। यहां से जिन नेताओं को वहां का जिम्मा दिया गया है, उनमें प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी को रामगढ़ और हजारीबाग जिले के विधानसभा की जिम्मेदारी मिली है। डिप्टी विजय शर्मा को गिरिडीह की जिम्मेदारी मिली है। सांसद विजय बघेल को सरायकेला, खरसावां के साथ चाईबासा की जिम्मेदारी दी गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को 4 विधानसभा सीटों का प्रभार दिया गया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को जमशेदपुर की चार विधानसभाओं की जिम्मेदारी मिली है। विधायक भावना बोहरा को यहां पर ग्रामीण का प्रभार दिया गया है। श्री चंदेल ने बताया, 30 अगस्त को बैठक के बाद प्रदेश के ज्यादातर नेता वहां पर एक सप्ताह तक रहे और वहां पर अपने-अपने प्रभार वाले विधानसभाओं में जिलों और मंडलों में बैठकें लेकर आए हैं। अब 8 और 9 सितंबर को बूथों में बैठकें होनी हैं। जिनके पास विधानसभाओं का जिम्मा है, वे बैठकें लेने जाएंगे। पूरे प्रदेश का प्रभारी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वा शर्मा को सहप्रभारी बनाया गया है। बिहार के मंत्री और छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन को भी एक कलस्टर का प्रभारी बनाया गया है।*

- एक सप्ताह वहां रहकर बैठकें करके लौटे, दो-तीन दिनों में फिर जाएंगे

# केदार गुप्ता बोले- राजनीति के अपराधीकरण की शुरुआत के लिए कांग्रेस जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा, देश में राजनीति के अपराधीकरण की शुरुआत करने के लिए सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस ही जिम्मेदार है। भाजपा के कार्यकर्ता राष्ट्रवाद के लिए लिए सतत समर्पित रहते हैं और हमारा अपराधों से कोई लेना-देना नहीं रहता। नैना साहनी, जेसिका लाल हत्याकांड से लेकर छत्तीसगढ़ के पखांजूर में कांग्रेस नेता द्वारा भाजपा नेता की हत्या कर दिए जाने का जिक्र करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि दीपक बैज को पहले अपनी कांग्रेस के आपराधिक राजनीतिक चरित्र पर नजर डाल लेनी चाहिए। श्री गुप्ता ने कहा, श्री बैज को यह नहीं भूलना चाहिए कि उनकी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा था, कांग्रेस में स्लीपर सेल के लोग सक्रिय हैं। तो श्री बैज बताएं कि



अपराधी किस पार्टी में हैं। भ्रष्टाचार से जुड़े कई मामलों में कांग्रेस के नेताओं की संलिप्तता है, तो श्री बैज को बताना चाहिए कि अपराधियों की पार्टी कौन है। श्री गुप्ता ने कहा कि वास्तव में भाजपा के सदस्यता अभियान को मिल रहे जबर्दस्त रिस्पॉन्स से दीपक बैज, भूपेश बघेल, राहुल गांधी सहित कांग्रेस के सभी दिग्गज नेताओं की नींद उड़ गई है।

# बैज बोले- प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के साथ की वादाखिलाफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सांसद विजय बघेल ने ही मोदी की गारंटी की पोल खोल दी है। भाजपा सरकार ने हर वर्ग के साथ वादाखिलाफी की है। श्री बैज ने कहा, विजय बघेल ने अपनी सरकार को चुनावी वादा याद दिलाते हुए शासकीय कर्मचारियों से किए वादे को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।



श्री बैज ने कहा, महतारी वंदन योजना में प्रदेश की सभी महिलाओं को लाभ नहीं मिल रहा, युवाओं को सरकारी नौकरी का अवसर नहीं मिल रहा है। 500 रुपए में रसोई गैस देने का वादा भी अधूरा है। 57000 शिक्षकों की भर्ती का वादा भी झूठा निकला, पुलिस विभाग, वन विभाग में छंटनी की जा रही है। अनियमित कर्मचारियों को 100 दिन में नियमित करने का वादा किया गया था, उसके लिए अब सिर्फ कमेटी बनाई गई है। डबल इंजन में जो विकास होने का दावा किया गया था, वह कहीं नहीं दिख रहा। सरकार पर कर्ज भार बढ़ गया है। सभी किसानों से 3100 रुपए क्विंटल दर पर धान की खरीदी नहीं की गई है। पूर्ववर्ती सरकार के दौरान चलने वाली सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया गया है।

## गुमशुदा की तलाश



नाम महेन्द्र कुमार उपाध्याय उम्र लगभग 57 वर्ष निवासी- एकता नगर गुढियारी रायपुर छ.ग. का निवासी है, एम्स में इमरजेंसी में एडमिट किया गया था, मानसिक स्थिति खराब होने के कारण 8.30 के लगभग रायपुर एम्स हॉस्पिटल से अचानक गायब है। जिसकी रिपोर्ट आमानाका थाना में दर्ज कराया गया है। जिस किसी सज्जन को कहीं भी दिखाई दे कृपया इस मो. नंबर पर सूचित करे-

**मो.नं.- 9755112725, 9993979400, 9303508124**

## आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रामबरण वर्मा पिता रामजी वर्मा निवासी ग्राम दोंदेकला, तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. की इकरारशुदा संपत्ति जिसका खसरा नंबर 408/12, 408/13, 408/30, 409/3, 409/4, 409/1, 410/2, 410/3, 410/4, 410/5, 408/28, 408/29 जोकि वाके मौजा ग्राम पवनी, प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. सारागांव, तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित है। उक्त संपत्ति को विक्रय किये जाने बाबत हितेश बंजारे पिता गैंदराम बंजारे निवासी ग्राम खौली तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. वाले के पास विक्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा का निष्पादन दि. 30.01.2024 को किया गया था।

यह कि इकरारनामा की शर्तानुसार उक्त भूमि का बयनामा पंजीयन हेतु समय सीमा समाप्त हो जाने के कारण विक्रय इकरारनामा निरस्त हो चुका है तथा क्रेता उक्त संपत्ति का पंजीयन निर्धारित समयावधि मे करा पाने में विफल रहा है जिस कारण से मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को किसी अन्य व्यक्ति या संस्था के पास विक्रय करने हेतु स्वतंत्र है।

सो सूचना जाने।

रायपुर- छ.ग.
दिनांक 06/09/2024

**पीपी साहू अधिवक्ता**
**आ./नि.- बी 44, से.-1, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर छ.ग.**
**मो. 9753179751**

**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202408114700037/**

विषयः- अ-6

**मामले की श्रेणीः- राजस्व**

सनः-2023-2024

कठिया प.ह.न. 00003 [493(24.0300हे.)]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार चन्द्ररेखा भारती, भूपेन्द्र कुमार, तरंजीत, मंजू, धनेश, घनश्याम, रमतू श्यामप्रकाश, रंगलाल, संतोष, रामजी, कुंती, संजू सूर्यवंशी,

अनावेदक पक्षकार - रंगलाल पिता बृन्दावन अग्र वाल, रामजी पिता पीलू,

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण भूपेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता देवराम सूर्यवंशी एवं 09 अन्य निवासी ग्राम कठिया द्वारा फौती नामांतरण करने बाबत आवेदन पेश किया है कि आवेदकगण के पूर्वज साधू पिता कबिलास के संयुक्त नाम पर ग्राम कठिया प.ह.नं. 03 रा.नि.म. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.नं. 493 रकबा 24.03 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है, जिसमें सहखातेदार के रूप में रंगलाल पिता बृन्दावन, रामजी पिता पीलू एवं रमतू पिता बुधू है। आवेदकगण के पूर्वज साधू पिता कबिलास की मृत्यु हो चुकी है, जिसके कारण वारिसानों का नाम फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश करने से आर.डी. सीरिज में दर्ज किया गया। प्रकरण में साक्ष्य का विषय एवं विवाद की संभावना होने से विधिवत सुनवाई हेतु प्रकरण ई-कोर्ट में दर्ज किया गया। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 13-09-2024 को नियत है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा, नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है. बाद में आये दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**सृजन सोनकर**
**तहसीलदार**
**गोबरा नवापारा (छ.ग.)**

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार उदय प्रताप सिंह उम्र 65 वर्ष पिता स्व. श्री रामजन सिंह निवासी- कटोरा तालाब रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग., ने विक्रेता लब्बैक खान उम्र 19 वर्ष पिता स्व. फिरोज खान निवासी- वॉर्ड नं.-33, नई बस्ती, जीसान आटा चक्की के पास, राजातालाब रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के हक, हित, आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि मौजा- ग्राम डूंडा, प.ह.नं. - 72, रा.नि.मं. रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित आपके भूमिस्वामी हक की जमीन जिसका खसरा नंबर 192 रकबा 0.097 हे. तथा खसरा नंबर 193/8 रकबा 0.052 हे. कुल रकबा 0.149 हे. भूमि को क्रय करने हेतु विक्रय इकरारनामा का निष्पादन कर ब्याना राशि प्रदान कर पक्का सौदा कर लिया है, केवल वर्णित भूमि का पंजीयन कार्य कराना ही शेष है, उक्त जमीन के संबंध में किसी भी बैंक संस्था, निकाय, बंध अनुबंध वृत्तिय सास्थए उक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार का दावा आपत्ति करता है तो 15 दिवस के अंतर्गत अपनी दावा आपत्ति पेश करे बाद म्याद के बाद किसी प्रकार का दावा आपत्ति करता है तो अमान्य माना जावेगा और उक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का क्रय विक्रय से बचे और अन्य व्यक्तियो के पास सौदा न करे अन्यथा बिक्रीनामा शुन्य व अमान्य माना जावेगा। सो सूचना जाने।

स्थान अभनपुर
दिनांक -16/08/2024

**अनिल बनारसी**
**अधिवक्ता अभनपुर**
**तहसील कार्यालय परिसर**
**अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. 8109981811**

## एक के बाद एक फैसले वापस लेने को मजबूर केंद्र

**रायपुर।** पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल का कहना है कि केंद्र की भाजपा सरकार लगातार मात खा रही है। पीएम नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में भाजपा का अस्तित्व बचाने की कगार पर हैं। वर्तमान में लिए गए फैसलों पर लगातार केंद्र सरकार यू-टर्न ले रही है। लैटरल एंट्री, प्रसारण बिल, कैपिटल गेन टैक्स समेत अनेक मामलों में आलोचना के बाद निर्णय वापस लेने पड़े।

## बिजनेस साइट

### बिड़ला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में गणेश चतुर्थी पर कार्यक्रम



**रायपुर।** निदेशक अभिलाषा भट्ट के मार्गदर्शन में बिड़ला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में गणेश चतुर्थी का उत्सव सांस्कृतिक रूप से समृद्ध वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने भगवान गणेश की पूजा और विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्सव के दौरान छात्रों ने भक्तिभाव से आरती की। विशेष आकर्षण के रूप में मानवी दरयानी द्वारा आयोजित मिट्टी के गणेश बनाने की कार्यशाला ने छात्रों को रचनात्मक और व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया। कार्यक्रम की सफलता का श्रेय प्रधान अध्यापिका किरण पुरबा और समन्वयक मेघा पाठक को जाता है, जिन्होंने सुनिश्चित किया कि उत्सव सुचारू रूप से चले और सभी को इसका भरपूर आनंद मिले।

### चाणक्या लॉ एकेडमी ने मनाया शिक्षक दिवस



**रायपुर।** चाणक्या लॉ एकेडमी के छात्रों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने शिक्षकों के लिए एक विशेष रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर छात्रों ने कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की और सभी शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही एक केक सेरेमनी और विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ।


































## खबर संक्षेप

### सीएम साय ने गणेश चतुर्थी की दीं शुभकामनाएं



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में गणेश चतुर्थी का पर्व उत्साह से मनाया जाता है। इस दौरान गांव से लेकर शहर तक भगवान गणेश की आराधना पूरी श्रद्धा और धूमधाम से की जाती है। बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक सभी में आस्था और उत्साह का एक अनुपम संगम दिखाई देता है।

### प्रदेश में अब तक 948.0 मिमी औसत वर्षा



**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक 1 जून 2024 से अब तक राज्य में 948.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 1 जून 2024 से 6 सितंबर सुबह तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार, बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1993.7 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 504.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अनुसार, 1 जून से अब तक सरगुजा जिले में 520.7 सूरजपुर जिले में 925.5 मिमी, बलरामपुर में 1362.0 मिमी, जशपुर में 806.4 मिमी, कोरिया में 940.5 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 947.8 मिमी रायपुर जिले में 777.0 मिमी, बलौदाबाजार में 959.0 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# कांग्रेस संगठन में बदलाव की प्रक्रिया शुरू, रायपुर के शहर-ग्रामीण अध्यक्ष बदले जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संगठन में बदलाव और कार्यकारिणी में विस्तार के लिए प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की हरी झंडी मिलने के बाद अब प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बदलाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया गया है कि सबसे पहले रायपुर शहर और ग्रामीण के अध्यक्षों को बदला जा सकता है। इस काम के लिए श्री बैज ने वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी शुरू कर दी है, वहीं दोनों पदों के लिए कई दावेदारों के नाम भी चर्चा में आ गए हैं।

### रायपुर शहर-ग्रामीण के दावेदारों की चर्चा

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पार्टी संगठन में बदलाव की शुरुआत रायपुर से होगी। लिहाजा रायपुर शहर और ग्रामीण जिला अध्यक्ष पदों के लिए दावेदारियां भी सामने आने लगी हैं। बताया गया है कि दोनों पदों के लिए दावेदारों की कतार है। जो नाम चर्चा में हैं, उनमें श्रीकुमार मेनन, सुबोध हरितवाल, विनोद तिवारी, कन्हैया अग्रवाल, सतनाम पनाग भी शामिल हैं।

### काम करने वालों को मिलेगा मौका : बैज



प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलेट ने करीब दो हफ्ता पहले दीपक बैज को यह अनुमति दी थी वे प्रदेश कार्यकारिणी में बदलाव करते हुए संगठन का विस्तार करें। श्री पायलट के इस आदेश के बाद ही प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन में बदलाव की प्रक्रिया शुरु कर दी थी। इस संबंध में अब उन्होंने ये बात कही है- सूचियां बन रही हैं नेताओं से लगातार चर्चा हो रही है। संगठन में कसावट लाने मजबूत कार्यकर्ताओं को अवसर मिलेगा। जिन पदाधिकारियों ने अच्छा काम किया, उनको मौका मिलेगा। हमारा फोकस बूथ से प्रदेश तक संगठन को मजबूत करना है।

### वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी

बताया गया है कि नाम तय करने से पहले प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ नेताओं के बीच एक नाम पर सहमति बनाने की कोशिश में लगे हैं। इस सिलसिले में उन्होंने वरिष्ठ नेताओं से चर्चा भी की है। हर दिन पीसीसी चीफ दीपक बैज वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रहे हैं। फीडबैक लेकर बेहतर विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। इस बीच सबसे ज्यादा हलचल जिला अध्यक्ष के पद पर नजर आ रही है। वरिष्ठ नेता अपने अपने प्रभाव वाले जिलों में अपने समर्थकों को जिला अध्यक्ष बनाने के लिए दबाव बनाए हुए हैं।

### ये है दावेदारों का दांव

रायपुर में ये हैं शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद के दावेदारों में शामिल श्रीकुमार मेनन- पार्षद और एमआईसी सदस्य के रूप में लंबे समय से सक्रिय. सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से मधुर संबंध. संगठन खेमे के नेताओं ने बढ़ाया नाम है। सुबोध हरितवाल- एनएसयूआई और युवा कांग्रेस की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय. पीसीसी चीफ दीपक बैज के करीबी नेताओं में गिनती. युवाओं के बीच अच्छी पकड़। विनोद तिवारी- युवा कांग्रेस के लोकसभा अध्यक्ष रहे हैं। तेजतर्रार और संघर्षशील नेता के रूप में पहचान के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी माने जाते हैं। कन्हैया अग्रवाल- वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री हैं. लंबे समय तक संगठन में काम करने का अनुभव रहा है। टीएस सिंहदेव के करीबी माने जाते हैं। सतनाम सिंह पनाग- पार्षद और एमआईसी सदस्य के रूप में काम का लंबा अनुभव होने के संगठन में सक्रियता के आधार पर दावेदारी है।

# रायपुर में पहले दिन बूथों में बने दस हजार से ज्यादा भाजपा के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुक्रवार से बूथों में सदस्यता अभियान का प्रारंभ किया गया। राजधानी रायपुर की चार विधानसभाओं के एक हजार से ज्यादा बूथों पर रायपुर के छोटे से लेकर बड़े नेता तक जुटे। एक ही दिन में दस हजार से ज्यादा लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया है। रायपुर को दो लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है। रायपुर के सदस्यता प्रभारी सत्यम दुवा ने कहा, रायपुर अपने लक्ष्य को आसानी से पार कर लेगा। हर बूथ में दो-दो सौ सदस्य बनाने हैं।

राजधानी रायपुर के बूथों में जहां बूथों के प्रभारी सदस्य बनाने में जुटे, वहीं प्रदेश के कई बड़े नेता भी राजधानी के बूथों तक पहुंचे और सदस्य बनाने का काम किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी रायपुर के एक बूथ तक गए। इसके आलावा प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक राजेश मूणत सहित कई बड़े नेता भी बूथों तक पहुंचे। भाजपा जिला सदस्यता प्रभारी सत्यम दुवा ने बताया रायपुर ग्रामीण विधानसभा के बूथ 223 में प्रदेश के खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने लोगों भाजपा की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, पूर्व सांसद सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर किशोर महानंद,राजीव अग्रवाल, छगन मुंदड़ा, लोकेश कावड़िया, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, अंजय शुक्ला, रमेश सिंह ठाकुर, अकबर अली, ललित जयसिंग, संजय तिवारी, खेमकुमार सेन,हरीश सिंह ठाकुर,अनूप खेलकर,सीमा साहू, सुमन प्रजापति सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

**एक हजार से ज्यादा बूथों में एक साथ चला अभियान**



### मूणत सदस्य बनाने घरों तक पहुंचे

रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने अपने विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ सामाजिक नागरिकों के घर पहुंचकर भाजपा की सदस्यता दिलाई।वयोवृद्ध वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं अप्पा खरे, गोपाल टावरी, टीकम सिंह ठाकुर, रघुवीर साहू, मदन वर्मा,विश्राम यादव,प्रमोद कुमार गुप्ता,मंजु बाला गुप्ता, विजय शंकर पांडेय, श्रीमती सविता पांडेय आदि को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर उनके साथ पश्चिम के सदस्यता प्रभारी ओंकार बैस, प्रीतम सिंह ठाकुर, भूपेन्द्र सिंह ठाकुर, नवीन शर्मा, नवीन सिंग, पवन केशरवानी मौजूद रहे। ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने बूथ क्रमांक 262 में जाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। उनके साथ रायपुर ग्रामीण के सदस्य प्रभारी लीलाधर चंद्राकर मौजूद रहे।

# डीई, निलंबन, आपराधिक प्रकरण, कोर्ट केस के बाद भी पटवारी बन सकेंगे राजस्व निरीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में राजस्व पटवारी राजस्व निरीक्षक पद के प्रशिक्षण के लिए चुने गए हैं। अब इनका सत्यापन किया जाना है, लेकिन खास बात ये है कि आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि ऐसे पटवारी जिनकी वर्तमान में विभागीय जांच, निलंबन, आपराधिक प्रकरण, न्यायालयीन प्रकरण लंबित है, अगर वे राजस्व निरीक्षक प्रशिक्षण के बाद परीक्षा में पास में हो जाते हैं, तो उन्हें राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्निति के लिए विचार किया जाएगा।

- राजस्व निरीक्षक परीक्षा के लिए प्रशिक्षण की तैयारी
- पटवारियों का जिला स्तर पर होगा सत्यापन




### ये है मामला

छत्तीसगढ़ में पटवारी पद से राजस्व निरीक्षक (आरआई) पद के लिए राजस्व निरीक्षकों को ट्रेनिंग दी जानी है। ट्रेनिंग से पहले पटवारियों का सत्यापन किया जा रहा है। इस संबंध में कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी किया गया है जिसमें कहा गया है कि 7 जनवरी 2024 को आयोजित राजस्व निरीक्षक प्रारंभिक परीक्षा के माध्यम से राजस्व निरीक्षक प्रशिक्षण दिया जाना है। इस प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए कुछ शर्तें भी है। इन शर्तों के बिंदु क्रमांक 4 में कहा गया है कि ऐसे पटवारी जिनका वर्तमान में विभागीय जांच, निलंबन, आपराधिक प्रकरण, न्यायालयीन प्रकरण लंबित है। राजस्व निरीक्षक प्रशिक्षण के बाद वे परीक्षा पास करते हैं तो उन्हे पदोन्नति देने पर विचार किया जाएगा। इस संबंध में छत्तीसगढ़ लोक सेवा(पदोन्नति नियम) 2003 का हवाला दिया गया है।

### ये शर्तें होंगी लागू

राजस्व निरीक्षक प्रशिक्षण के लिए चुने गए पटवारियों का सत्यापन करने के साथ ही उनके लिए कुछ शर्तें भी रखीं गई है। इसमें कहा गया है कि पटवारी के रूप में पांच साल की सेवा 1 जनवरी 2024 को पूरी करने वाले पटवारियों का चयन राजस्व निरीक्षक प्रशिक्षण के लिए किया जाएगा। यदि किसी पटवारी को पटवारी प्रशिक्षण के बाद बिना परीक्षा उतीर्ण किए पटवारी के पद पर अस्थायी नियुक्ति दी गई थी तथा परीक्षा पास करने के बाद पटवारी के पद पर नियुक्ति दिए जाने के के कुछ समय के लिए सेवा से पृथक किया गया हो तो सेवा से पृथक अवधि पांच साल की गणना में शामिल नहीं होगी।

### रोल नंबर में गलती, चयन निरस्त

इसी साल जनवरी में हुई राजस्व निरीक्षक प्रारंभिक परीक्षा में कोंडागांव के पटवारी पवन नेताम शामिल हुए थे, लेकिन उनके रोल नंबर के बीत एक जगह 1 की जगह शून्य दर्ज हो गया था। इसकी वजह से उनके स्थान पर हर्षवर्धन मोटघरे पटवारी का चयन हो गया था। लेकिन इस गड़बड़ी को सुधारते हुए पवन नेताम को राजस्व निरीक्षण प्रशिक्षण के लिए चुना गया है।












## खबर संक्षेप



### नाले में गिरे मवेशी को निगम अमले ने निकाला

**रायपुर।** विधानसभा मार्ग पर आमासिवनी क्षेत्र के पास एक मवेशी नाले में गिर गया। इसकी सूचना मिलते ही नगर निगम की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन एवं रस्सी की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद मवेशी को काऊकैचर वाहन से गोठान भेजा गया।

### रावणभाठा मैदान में दिखेंगी रामायण कालीन सभ्यता की सुंदर कलाकृतियां

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक दशहरा खेल मैदान रावणभाठा में रामायण कालीन सभ्यता की जानकारी लोगों को अब सुंदर कलाकृतियों के माध्यम से भी होगी। इसके लिए मैदान में चबूतरों एवं बाउंड्रीवॉल की दीवारों पर सुंदर कलाकृतियां आर्ट वर्क से उकेरी जा रही हैं। यह कलाकृतियां दशहरा पर्व के दिन रावणभाठा मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में पहुंचने वाले हजारों लोगों को देखने को मिलेंगी।

### बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कार्य शुरू

**रायपुर।** रावणभाठा मैदान में पहुंचने वाले खिलाड़ी एवं खेल प्रेमियों के लिए बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर बैटमिंटन कोर्ट के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होने के बाद इसका निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है।

### शिकायत के बाद मोहल्ले में फॉगिंग

**रायपुर।** टाटीबंध बिजली ऑफिस मोहल्लेवासी मच्छरों के प्रकोप से परेशान थे। नगर निगम जोन में कई बार शिकायत करने के बाद भी मच्छरों पर नियंत्रण के लिए मोहल्ले में फॉगिंग नहीं की जा रही थी। कॉलोनीवासी राजबिंदर सिंह ने थक हारकर इस समस्या की शिकायत कलेक्टोरेट कॉल सेंटर में की, जिसके एक दिन बाद ही उसके मोहल्ले में निगम कर्मचारियों की टीम ने फॉगिंग करते हुए लोगों को मच्छरों से राहत पहुंचाई।

### विद्युत बचत एवं अक्षय ऊर्जा पर कैट की कार्यशाला




**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमैन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, वासु माखीजा, महामंत्री सुरिंदर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट एवं सिटीजन कंज्यूमर एंड सिविक एक्शन ग्रुप (सीएजी) चेन्नई के संयुक्त तत्वावधान में विद्युत बचत व अक्षय ऊर्जा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के कार्यक्रम संयोजक मोहन वल्र्यानी थे।

# सीएसआर फंड से बने पब्लिक टॉयलेट की दुर्गति, तीन साल से सरोना में ताला बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे स्टेशन के बाहर यात्री सुविधाएं बढ़ाने एसईसीएल के सीएसआर फंड से रेलवे ने मंडल व जोन के 110 स्टेशनों में पब्लिक टॉयलेट तो बना दिया, लेकिन इसका संचालन अभी कई जगहों तक शुरू नहीं कर पाया है।

सरोना स्टेशनों के बाहर पब्लिक टॉयलेट पर तीन साल से ताला लटका हुआ है, जो अब बिना उपयोग के खराब हो रहा है। रेलवे का इंजीनियरिंग विभाग टॉयलेट बनाने के बाद संचालन की जिम्मेदारी मंडल के कमर्शियल विभाग को दे चुका है, लेकिन मंडल के जिम्मेदार अभी तक इसके संचालन के लिए एजेंसी नहीं ढूंढ पाए। इस वजह से आधुनिक सुविधा वाले पब्लिक टॉयलेट अब अनुपयोगी हो चुके हैं। जानकारी के मुताबिक, एक टॉयलेट बनाने में 8 लाख खर्च किया गया है। यहां पर पुरुषों के साथ महिलाओं व दिव्यांग जनों के लिए अलग से शौचालय बने हैं। इसके अलावा चलने के लिए रैंप भी बनाया जाएगा।

हरिभूमि सरोकार

### दो साल में तीन बार किया टेंडर

जोन व मंडल में पब्लिक टॉयलेट तैयार हुए तीन साल से अधिक हो चुका है, लेकिन इसके संचालन के लिए सरोना में अभी तक केवल तीन बार ही टेंडर जारी किया था। एजेंसी नहीं मिलने से जिम्मेदारों ने भी पब्लिक टॉयलेट शुरू करने की योजना को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया। लोग खुले में शौच न करें, इस उद्देश्य से स्टेशनों के बाहर पब्लिक टॉयलेट बनाया था, लेकिन शुरू नहीं होने से यात्रियों को भी असुविधा हो रही है। कुछ महीने पहले रायपुर स्टेशन में टॉयलेट का संचालन शुरू हुआ है।

**मंडल के 15 स्टेशनों पर बने हैं पब्लिक टॉयलेट, प्रत्येक पर 8 लाख हुए खर्च**





### खराब हो रही मशीन, मेंटेनेंस भी नहीं

पब्लिक टॉयलेट का उपयोग नहीं होने से यात्री सुविधाओं के लिए लगाई गई मशीन अब खराब हो रही है। तीन सालों से रेलवे ने मेंटेनेंस भी नहीं किया है। रैंप में लगे टाइल्स भी टूट-फूट गए हैं। टॉयलेट में सैनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, महिला शौचालयों में भस्मक और पुरुष शौचालय में कंडोम वेंडिंग मशीन की सुविधा दी गई है।

## अफसरों ने कहा - शिकायत होने पर करेंगे कार्रवाई

# गणेशोत्सव समितियों ने ताक पर रखी गाइडलाइन, सड़क तक सजाया पंडाल


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गणेशोत्सव समितियों के लिए हर साल गणेश उत्सव के दौरान प्रशासन द्वारा गाइड लाइन जारी की जाती है। इस बार भी गाइड लाइन जारी की गई है।

इस गाइड लाइन में समितियों को निर्देशित किया गया है कि मुख्य सड़क के किनारे पंडाल नहीं लगाकर कम से कम 50 मीटर दूर में पंडाल लगाएं, ताकि यातायात पर इसका प्रभाव नहीं पड़े और सुगम व सुचारू रूप से सड़क पर आवागमन हो सके। इस निर्देश के बाद भी शहर में समितियों ने किनारे से लेकर सड़क तक पंडाल सजा लिए हैं। इन पंडालों के कारण उन मार्गों पर ट्रैफिक जाम की समस्या भी बनी रहेगी, जिससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इधर प्रशासनिक अधिकारी का कहना है कि पंडाल के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या निर्मित होने की शिकायत पर संबंधित समिति के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### खानापूर्ति कार्रवाई

एक ओर जहां प्रशासन के निर्देश की समितियां खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए नियमों का उल्लंघन कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि किसी भी समिति के खिलाफ शिकायत आने पर कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में प्रशासन को तात्यापारा चौक के पास मुख्य सड़क तक लगे एक पंडाल को हटाकर किनारे भी कराया गया है। हालांकि यह कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति है, क्योंकि शहर में ऐसे थोक में पंडाल हैं, जो सड़क तक लग चुके हैं। इन पंडालों के कारण अब इन मार्गों पर 11 दिनों तक आम लोग ट्रैफिक समस्या से जूझते रहेंगे।



### इन इलाकों में सड़क तक सज चुके हैं पंडाल

शहर में शहर की कई प्रमुख एवं व्यस्त सड़क मार्ग पर पंडाल लगाए गए हैं। इनमें रेलवे स्टेशन, लाखेनगर, पुलिस लाइन रोड, रामसागरपारा सहित अन्य कई प्रमुख इलाके हैं, जहां समितियों ने मुख्य सड़क तक पंडाल लगा लिए हैं।

### 26 बिंदुओं पर जारी गाइड लाइन, पालन कुछ निर्देशों का

गणेशोत्सव के लिए प्रशासन ने इस बार समितियों के लिए 26 बिंदुओं पर गाइड लाइन जारी की है। प्रशासन ने गाइड लाइन में शामिल सभी निर्देशों का पालन करने समितियों से अपील भी की है, लेकिन इस अपील का समितियों पर खासा असर दिखाई नहीं दे रहा है। समितियों मुख्य सड़क से 50 मीटर दूर पंडाल लगाना छोड़ सड़क तक पंडाल सजा लिए हैं। इनमें शहर के कई प्रमुख सड़कें भी हैं, जहां पंडाल लगाकर उन्हें सजाने का काम समितियों द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा 55 डेसिबल साउंड सिस्टम भी प्रतिबंधित किया गया है, बावजूद भगवान गणेश की मूर्ति को पंडालों में विराजित करने के दौरान शुक्रवार को समितियों ने 55 डेसिबल से ज्यादा आवाज करने वाले डीजे साउंड सिस्टम का उपयोग किया गया।

### गाइड लाइन में शामिल प्रमुख बिंदु

- पर्यावरण को लेकर एनजीटी के नियमों करना होगा पालन
- गणेश पंडालों में सुरक्षा की दृष्टि से लगाने होंगे सीसीटीवी कैमरे
- मूर्ति एवं पंडाल की समिति को स्वयं से करनी होगी सुरक्षा
- घर के बाहर मूर्ति स्थापना के लिए नगर निगम और संबंधित थाना को सूचना देना अनिवार्य
- 55 डेसिबल से ज्यादा आवाज वाले साउंड सिस्टम प्रतिबंधित
- पंडाल सड़क के किनारे नहीं लगाना है। ट्रैफिक जाम होने की स्थिति में होगी कार्रवाई
- रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि यंत्र बजाना प्रतिबंध
- साउंड सिस्टम लगाने के लिए वाहन का स्वरूप बदलने पर रोक
- मूर्ति विसर्जन 20 सितंबर तक। इसके बाद मूर्ति विसर्जन करने पर होगी कार्रवाई
- झांकी विसर्जन के दौरान अस्त्र-शस्त्र का उपयोग-प्रदर्शन पर प्रतिबंध

# इंटर स्टेट बस टर्मिनल की व्यवस्था सुधारने बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंटर स्टेट बस टर्मिनल में यात्री सुविधाओं के साथ ही बसों की आवाजाही तथा पार्किंग व्यवस्था सुधारने शुक्रवार को बस ऑपरेटर यूनियन के साथ पुलिस, परिवहन तथा निगम अफसरों के बीच बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण लिए गए। साथ ही पुलिस अफसरों ने बस ऑपरेटरों को अपराधिक तत्व के लोगों को नौकरी पर नहीं रखने के साथ ही एजेंटों की सूची देने के लिए निर्देशित किया है।

बस ऑपरेटर यूनियन के साथ बैठक एसएसपी डॉ. संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर किया गया। बैठक में बस ऑपरेटर, एजेंट के साथ ही स्थानीय पार्षद के अलावा 50 से ज्यादा लोग शामिल हुए। बैठक में यात्रियों से अवैध उगाही न करने, अवैध पार्किंग न करने, असमाजिक तत्वों का अवैध जमवाड़ा, वाहन चालकों द्वारा निर्धारित स्थान में न रहकर कहीं भी रहना सो जाना, बैरियर से पैसा की वसूली शिकायत, यात्री छोड़ने व ले जाने वालों से अवैध वसूली न करने, काउंटर में किराया सूची का प्रकाशन गुमास्ता एवं आरटीओ द्वारा जारी प्रमाण पत्र चस्पा करने, बस संचालकों व ऑपरेटरों की कर्मचारी सूची प्रदाय करने, बस स्टैण्ड परिसर में नशा खोरी न करने, यात्रियों से दुर्व्यवहार न करने के निर्देश दिए गए।



- बैठक में पुलिस, परिवहन, निगम, बस ऑपरेटर यूनियन से जुड़े लोग शामिल

*इन स्थानों में बस पार्क नहीं करने के निर्देश : ट्रैफिक पुलिस ने बस ऑपरेटरों को संतोषी नगर अंडर ब्रिज के दोनों तरफ तथा पचपेड़ी नाका के पास सवारी उतारने चढ़ाने के लिए बस नहीं खड़ी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही समय से पहले बस स्टैंड में बस नहीं लगाने, बस के समय की सूची देने, पूर्व में ट्रेवल्स एजेंटो को जारी आईडी कार्ड धारण करने व अवैध ट्रेवल्स एजेंटो को संरक्षण नहीं देने, वैध ट्रेवल्स एजेंटो की सूची प्रदान करने, लंबे समय से खड़ी वाहनों के मालिकों से वाहनों को हटाने, अपराधिक प्रवृति के लोगों को पनाह नहीं देने, ऑल इंडिया परमिट के बसों को अपने स्वयं के स्थल में बस खड़ी करने तथा ओवर लोडिंग करने से बचने कहा गया।*

# आधी रात साइंस कॉलेज हॉस्टल में बवाल झगड़े के बाद थाने पहुंच गए दो दर्जन छात्र

- जिन छात्रों ने दो दिन पूर्व की थी मारपीट, उन पर ही हंगामे का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

साइंस कॉलेज में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार मध्यरात्रि के बाद 2 से 3 बजे के मध्य फिर से यहां हंगामा हुआ। साइंस कॉलेज के मेजर गोरे छात्रावास की यह घटना है। एनएसयूआई के जिन छात्रों के खिलाफ दो दिन पूर्व एफआईआर दर्ज की गई थी, उन्हीं छात्रों पर फिर से मारपीट का आरोप लगा है। आरोप है कि एनएसयूआई के जिला सचिव राहुल महाजन और उनके अन्य साथियों द्वारा रात्रि 2:30 बजे नशे की हालत में छात्रावास में जबरन घुसकर छात्रों के साथ मारपीट की गई और अभद्र गालियां दी गईं।

- एनएसयूआई-एबीवीपी फिर आमने-सामने

इस घटना से आक्रोशित लगभग 20 से 30 छात्र तड़के 4 बजे सरस्वती नगर थाने का घेराव करने पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने छात्रों की शिकायत लिखी।

### हास्टलर्स नहीं, फिर भी कैसे घुसे

एनएसयूआई के जिन दो छात्रों पर मारपीट और हंगामे के आरोप लगे हैं, वे हॉस्टल के छात्र नहीं हैं। इसके बाद भी वे हॉस्टल में कैसे घुसें, यह गंभीर विषय है। गौरतलब है कि इसी सप्ताह एबीवीपी के सदस्यता अभियान के दौरान दोनों पक्ष के मध्य मारपीट हुई थी। दोनों ही पक्षों द्वारा एक-दूसरे पर एफआईआर करवाई गई थी। कई छात्रों को गंभीर चोटें आई थी। इसके बाद भी महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से कोई व्यवस्था नहीं की गई है।





### पानी पीने आए थे छात्र

छात्र गणेश मूर्ति लेकर राजिम से लौटने के बाद पानी पीने के लिए छात्रावास गए थे। इस दौरान किसी गलतफहमी के कारण बहस की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसे आपसी सहमति से तुरंत सुलझा लिया गया। - **शांतनु झा,** जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

### शिकायत वापस लेने दबाव

छात्रों संग मारपीट करने के बाद दबाव बनाया जा रहा है कि वे अपनी शिकायत वापस लें। दो दिन के अंतराल में यह मारपीट की दूसरी घटना है। - **प्रथम राव फुटाने,** रायपुर प्रभारी

# घासी घसिया समाज चुनाव के बाद अब जाति प्रमाणपत्र बनवाने में देगा सहयोग

- पत्रकार वार्ता में नए प्रदेश अध्यक्ष ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

समाज के बिखराव को खत्म करने के लिए पहली बार प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए 3 सितंबर को बिलासपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश घासी घसिया समुदाय ने खुद को मजबूत करने के लिए समाज का चुनाव किया। इसमें जीतने के बाद अब समाज की अगवाई में प्रदेश स्तरीय समस्या के रूप में हर वर्ग के लिए काम किया जाएगा। जाति प्रमाण बनवाने में आ रही दिक्कतों को दूर करने की बात भी प्रदेश अध्यक्ष सचिन खरे ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कही।

मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सोना, कोषाध्यक्ष गोपाल नायक ने संयुक्त रूप से बताया कि हर जिले में समाज को जोड़ने के लिए जिला स्तरीय पदाधिकारियों का भी गठन किया जाएगा। इसमें महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और कर्मचारी प्रकोष्ठ के माध्यम से समाज को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। श्री खरे ने बताया कि समाज के नाम पर खाता खोला जाएगा। इसमें 10 लोगों को शामिल किया जाएगा। समाज का झंडा तैयार किया जाएगा। कई ऐसे बिन्दु हैं, जिनको लेकर आगामी दो महीने में विचार करके अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद समाज को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए जमीनी स्तर पर रणनीति बनाकर काम शुरू किया जाएगा।



आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024, 14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024, 02 मई से 16 मई 2025
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

### रिक्त पदों पर भर्ती, फिजिकल टेस्ट 16 से

**रायपुर।** छग नगर सेना विभाग द्वारा 1715 रिक्त पदों पर महिला छात्रावास एवं 500 रिक्त पदों पर सामान्य ड्यूटी के लिए पुरुष-महिला नगर सैनिकों की भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा 16 सितंबर से प्रदेश के 4 संभागीय मुख्यालयों में संपादित की जानी है। इनमें रायपुर संभाग के जिले रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, कबीरधाम, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, बलौदाबाजार में महिला छात्रावास के लिए 450 महिला तथा महिला एवं पुरुष सामान्य ड्यूटी के लिए 200 नगर सैनिकों की भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 16 सितंबर से 4 अक्टूबर तक केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान नगर सेना माना कैंप में होगी। उक्ताशय की जानकारी डिस्ट्रिक कमांडेंट होमगार्ड ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

### अंगदान विषय पर सेमीनार, शिविर में कराई जांच

**रायपुर।** सांदीपनी एकेडमी अछोटी दुर्ग में गुरुवार को सीजी चिकित्सालय रायपुर के सहयोग से महाविद्यालय परिसर के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए निशुल्क नेत्र एवं दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ. मनीष एस. श्रीवास्तव वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ एवं डॉ. रश्मि राठौर दंत सलाहकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. आतीश साहू दंत सलाहकार एवं सीजी चिकित्सालय रायपुर की आठ सदस्यों की टीम उपस्थित थी। साथ ही सांदीपनी एकेडमी अछोटी नर्सिंग प्राचार्य प्रो. आकांक्षा रानी गॉटलिब, शिक्षा विभाग से प्राचार्य डॉ. स्वाति श्रीवास्तव, सुधीर तिवारी एवं समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।